मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का
लोकप्रिय हिंदी दैनिक

# उल्हास विकास

■ वर्ष : 42 ■ अंक : 211 ■ मंगलवार, 12 नवंबर 2024 3 रुपए ■ पृष्ठ 4

ULHAS VIKAS ANDROID APP ON Google play Install now /ulhasvikas संपादक – हीरो अशोक बोधा (BMM, L.LB.) Mobile.:- 9822045566

epaper.ulhasvikas.com

# शहर में बहेगी विकास की 'गंगोत्री'

- **मूलभूत सुविधाओं से वंचित है उल्हासनगर- गंगोत्री**
- **सड़क, पानी, सफाई जैसी सुविधा तक नहीं दे पाएं पूर्व व वर्तमान विधायक- भारत**



**उल्हासनगर.** उल्हासनगर विधानसभा क्षेत्र जिसमें कैम्प 1, 2 व 3 तथा म्हारल, वरप व कांबा क्षेत्र में हमेशा से ही पूर्व व वर्तमान विधायकों का दबदबा रहा। इस दबदबे को खत्म करने और विकास की गंगा बहाने गंगोत्री मैदान में उतर चुके हैं। राकांपा नेता व अपक्ष उम्मीदवार भारत राजवानी (गंगोत्री) ने अपने उल्हासनगर-1 बस स्टॉप पर चुनावी कार्यालय में यह बयान दिया है कि पिछले कुछ महीनों से मैंने अपने कैंप 3 यूएमसी रोड पर कार्यालय और यहां पर जो लोग आते हैं वो यहां के नेताओं से इतने त्रस्त हो चुके हैं क्योंकि यहां की मूलभूत समस्याएं शहरवासियों तक पहुंचाने में पूर्व व वर्तमान विधायक फेल हुए हैं। मेरे जीतकर आने के बाद सबसे पहले शहरवासियों को मूलभूत सुविधा प्रदान करना मेरा लक्ष्य है। मैं कालानी व आयलानी की तरह कोई बड़े वादे नहीं करूंगा और ना ही घोषणा पत्र जारी कर झूठे आश्वासन दूंगा इस शहर की बदतर हालत को सुधारना लक्ष्य है मेरा। मेरे पैनल 17 में जो विकास कार्य 25 करोड़ फंड से मैंने किए हैं उसे कैम्प 1, 2, 3 व म्हारल, वरप व कांबा में करने की मेरी इच्छा है। मुझे यहां के सिंधी व्यापारी व हर समाज का अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है और लोगों में परिवर्तन तथा नए विकल्प का स्वागत भी किया है।

## गंगोत्री दे रहे आयलानी-कालानी को बराबरी की टक्कर

ज्ञात हो कि राकांपा नेता अपक्ष उम्मीदवार भारत राजवानी (गंगोत्री) का चुनाव प्रचार इन दिनों जोरों पर चल रहा है। गंगोत्री ने कहा कि मुझे सिंधी समाज के व्यापारी भाइयों का भरपूर समर्थन है। व्यापारियों के साथ गुंडागर्दी करने वाले गुंडे महफिल लगाकर बंगले पर फैसले तो करते हैं लेकिन शहर का सत्यानाश किया है। शहर में विकास के नाम पर हुए भ्रष्टाचार से शहर की उन्नति नहीं हो रही है और लोग पलायन कर रहे हैं ऐसे में हमने भ्रष्टाचार और गुंडागर्दी हटाने के संकल्प के साथ शहरवासियों को नए उल्हासनगर निर्माण की सोच रखकर चुनाव मैदान में उतरे हैं। गंगोत्री ने लोगों से अपील की कि वो अपक्ष उम्मीदवार हैं और अकेले दम पर चुनाव लड़ रहे हैं आम आदमी की तरह उन्हें वोट देकर विजयी बनाने की अपील की है। चुनाव में अब केवल एक सप्ताह ही शेष है ऐसे में राजनीतिक पार्टियों के उम्मीदवार कालानी व आयलानी को बराबरी की मजबूत टक्कर गंगोत्री दे रहे हैं। ऐसी चर्चा शहर में चल रही है।

# चुनाव के मद्देनजर पुलिस ने चलाया 'आपरेशन ऑल आउट'

## 31 गावठी कट्टे, 7 चाकू और 5 तलवार सहित 43 हथियार जब्त

- **41 आरोपियों को किया गिरफ्तार**



**ठाणे.** ठाणे शहर में शांति और सुरक्षा स्थापित करने और आगामी विधानसभा चुनाव को भयमुक्त माहौल में संपन्न कराने के लिए ठाणे पुलिस ने विशेष 'ऑल आउट ऑपरेशन' चलाकर विशेष कार्रवाई की है. ठाणे पुलिस आयुक्त आशुतोष डुंबरे और संयुक्त आयुक्त डॉ. के नेतृत्व में. ज्ञानेश्वर चव्हाण के मार्गदर्शन में ठाणे पुलिस ने 9 नवंबर की रात 11 बजे से 10 नवंबर की सुबह 2 बजे तक चले इस अभियान में ठोस और प्रभावी कदम उठाए हैं. इस ऑपरेशन में परिमंडल 1 से 5, स्थानीय अपराध शाखा, यातायात शाखा के कुल 312 पुलिस अधिकारी और 1288 पुलिसकर्मी शामिल थे, जो ठाणे जिले में काफी हद तक कानून व्यवस्था बहाल करने में सफल रहे हैं। पुलिस के मुताबिक, इस ऑपरेशन में ठाणे पुलिस ने आर्म्स एक्ट के तहत कुल 43 हथियार जब्त किए, जैसे 31 गावठी कट्टे, 7 चाकू और 5 तलवारें, और आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए 41 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है.

ठाणे पुलिस ने सार्वजनिक स्थानों पर तंबाकू उत्पादों की बिक्री पर प्रतिबंध लगाने के लिए 'कोटपा अधिनियम' के तहत 179 लोगों के खिलाफ कार्रवाई की है। इस कार्रवाई ने ठाणे शहर में सार्वजनिक स्थानों पर तंबाकू की खपत और दुरुपयोग को रोकने में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है, जिससे सार्वजनिक स्वास्थ्य की रक्षा की जा सके।

'ऑल आउट ऑपरेशन' के दौरान, ठाणे में 74 होटल, 64 लॉज, 39 बीयर बार, 42 डांस बार और अन्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया। इस ऑपरेशन में 59 हिस्ट्रीशीटर, 50 तड़ीपार और 31 गैंगस्टरों की जांच की गई और 47 तड़ीपार बदमाशों को गिरफ्तार किया गया। इनके खिलाफ महाराष्ट्र पुलिस अधिनियम की धारा 142 के तहत विभिन्न पुलिस स्टेशनों में अपराध दर्ज किए गए हैं और समाज में आतंक पैदा करने वाली प्रवृत्तियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गई है। मादक द्रव्य विरोधी अभियान के तहत नशीली दवाओं के सेवन के आरोप में 15 लोगों को हिरासत में लिया गया है और उनके खिलाफ मामले दर्ज किए गए हैं।

यातायात विभाग ने कुल 1,210 वाहनों का निरीक्षण किया और 2,149 वाहनों के खिलाफ मोटर वाहन अधिनियम के तहत कार्रवाई की और 18,58,750 रुपये का जुर्माना वसूला. इस कार्रवाई से ठाणे में यातायात नियंत्रण कर सुरक्षा बढ़ाने के ठोस प्रयास किये गये हैं.

'ऑल आउट ऑपरेशन' की बदौलत ठाणे शहर में शांति, सुरक्षा और भयमुक्त वातावरण का निर्माण हुआ है। आगामी चुनावों के मद्देनजर ठाणे पुलिस कमिश्नरेट के इस सख्त कदम से शहर में सुरक्षा का एक मजबूत स्तंभ तैयार हो गया है.

### 5 लाख की अवैध शराब जब्त, 185 आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई

अवैध शराब की बिक्री पर नियंत्रण के लिए ठाणे जिला पुलिस ने 57 मामले दर्ज किये और 5,07,484 मूल्य की अवैध शराब जब्त की गई है. इस ऑपरेशन में ठाणे पुलिस ने कुल 185 आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए अवैध शराब तस्करी को रोकने के लिए कदम उठाया है, जिससे समाज में इस तरह के अवैध कारोबार का डर पैदा हो गया है.

# लालच देकर आयलानी ने चुनाव जीता -पप्पू कालानी

## कालानी ने हमेशा की शहर की सेवा




**उल्हासनगर।** उल्हासनगर शहर के पूर्व विधायक पप्पू कालानी का प्रचार इन दिनों जोरों पर चल रहा है। पप्पू कालानी ने कल पहली बार एक चुनावी सभा में वर्तमान विधायक कुमार आयलानी पर छींटाकशी करते हुए कहा कि लोगों को लोनावला का लालच देकर आयलानी ने चुनाव जीता है। ज्योति कालानी और मैंने शहर की जो सेवा की है उसका इतिहास रहा है। उल्हासनगर की जनता अब समझदार हो गई है और वो इस तरह के लालच में ना आकर फिर एक बार कालानी पर विश्वास रखे हुए हैं। कालानी ने यह भी कहा कि कुमार को मस्ती है कि वो गरीबों को पैसे देकर चुनाव जीत सकता है जो अब तक नहीं होगा। अबकी बार पूरी ताकत के साथ महाविकास आघाड़ी के उम्मीदवार ओमी कालानी को पूरी ताकत से जीताने की अपील पप्पू कालानी ने की।

## चुनाव आचार संहिता के दौरान ठाणे जिले में 11 नवंबर तक

# 23.41 करोड़ रुपए का माल जब्त




**उल्हासनगर.** विधानसभा आम चुनाव 2024 की पृष्ठभूमि में भारत निर्वाचन आयोग के माध्यम से संपूर्ण राज्य एवं ठाणे जिले में आचार संहिता लागू कर दी गई है। इस आचार संहिता के दौरान नियमों का पालन न करने वालों के खिलाफ प्रशासन द्वारा सख्त कार्रवाई की जाती है. इसके तहत 11 नवंबर 2024 तक ठाणे जिले के 18 विधानसभा क्षेत्रों से प्रशासन द्वारा कुल 23 करोड़ 41 लाख 6 हजार रुपये का माल जब्त किया गया है. जिसमें 12 करोड़ 41 लाख 16 हजार रुपये नकद, 2 करोड़ 22 लाख 14 हजार रुपये का शराब स्टॉक, 1 करोड़ 64 लाख 70 हजार रुपये का मादक पदार्थ, 23 लाख 26 हजार रुपये का कीमती सामान/आभूषण और 6 करोड़ 89 लाख 79 हजार रुपये की निःशुल्क वितरण सामग्री प्रशासन द्वारा ठाणे जिले के 18 विधानसभा क्षेत्रों से जब्त किया गया है।

### अंबरनाथ में 16.84 लाख और उल्हासनगर में 12.86 लाख की शराब व नकद जब्त

आदर्श आचार संहिता पालन करने के लिए उल्हासनगर विधानसभा क्षेत्र में पथक ने 22 हजार 519 लीटर शराब जिसकी किंमत 11 लाख 46 हजार है उसके साथ ड्रग्स व नकद करीब 1 लाख 40 हजार रुपए की जब्त की गई है। अंबरनाथ विधानसभा क्षेत्र में भी 15 हजार 586 लीटर शराब जिसकी किंमत करीब 8 लाख रुपए हैं वो पकड़ी है उसके साथ ड्रग्स व नकद करीब 8 लाख रुपए का बरामद किया है। यह जो नकद व शराब पकड़ी गई है वो मतदाताओं को रिझाने के लिए इस्तेमाल किया जाना था। कल्याण पूर्व में भी कुल 37 लाख 25 हजार की शराब व नकद बरामद की गई है।

# सुलभा गायकवाड़ का प्रचार करने DCM फडणवीस आज कल्याण में



- **आज होगी भव्य प्रचार सभा**

**कल्याण.** महायुति से भाजपा उम्मीदवार सुलभा गणपत गायकवाड़ की जाहीर प्रचार सभा में आज राज्य के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस आने वाले हैं। यह सभा आज 12 नवंबर की शाम 6 बजे कोलसेवाड़ी के पोटे मैदान में होगी। यहां बड़ी संख्या में लोगों को शामिल होने की अपील महायुति के नेताओं ने लोगों से की है।

20 नवंबर को होने जा रहे विधानसभा चुनाव के लिए कल्याण पूर्व की महायुति उम्मीदवार सुलभा गणपत गायकवाड़ का इन दिनों कल्याण पूर्व, हाजीमलंग पट्टी सहित उल्हासनगर-4 में प्रचार जोरों पर चल रहा है। दो दिनों पूर्व सांसद श्रीकांत शिंदे ने शिवसैनिकों को आदेश दिया कि पक्ष से गद्दारी करने वाले को सबक सिखाने का समय आ गया है। उन्होंने शिवसैनिकों से भाजपा उम्मीदवार गायकवाड़ के समर्थन में काम करने की अपील की है। वहीं आज उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की भव्य जाहीर सभा होने जा रही है जिसमें लाडकी बहन योजना का फायदा उठाने वाली महिलाओं को भी संबोधित करेंगे।




# शिवसेना व साई पक्ष द्वारा आयलानी का प्रचार जोरों पर







**उल्हासनगर।** उल्हासनगर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी कुमार आयलानी का प्रचार इन दिनों महायुति में शामिल शिवसेना व साईं पक्ष जोरों पर कर रही है। साईं पक्ष प्रमुख जीवन ईदनानी के वार्ड में आयलानी की भव्य प्रचार सभा हुई जहां राजू जग्यासी व लाल पंजाबी भी शामिल हुए और आयलानी के लिए वोट मांगे। वहीं कुमार आयलानी ने कल उल्हासनगर- 2 से 3 मुख्य बाजार नेहरू चौक से फर्निचर व प्रेस बाजार के व्यापारियों से मिले और वोटों के अपील की उनके साथ शिवसेना युवा नेता विक्की भुल्लर भी प्रचार कार्य में जुटे हुए थे। ज्ञात हो कि सांसद श्रीकांत शिंदे ने पिछले दिनों व्यापारियों की सभा में शिवसैनिकों से कुमार आयलानी के प्रचार का कार्य जोरों पर करने का आदेश दिया था जिसके बाद शिवसेना द्वारा आयलानी के समर्थन में प्रचार जोरों पर किया जा रहा है। साई पक्ष ने भी विधानसभा चुनाव में अपना समर्थन देकर सिंधी समाज के मतदाताओं की जिम्मेदारी ली हुई है। इदनानी हमेशा चुनाव में मुख्य भूमिका निभाते हैं।

### योगी आदित्यनाथ के स्वागत में जुटी भाजपा

वहीं बुधवार को यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के उल्हासनगर के स्वागत की तैयारी भाजपा द्वारा जोरों पर चल रही है। एंटीलिया में 13 नवंबर की सुबह 11 बजे उनके भव्य जनसभा होगी।

# डॉ. बालाजी किणीकर का वचन पूर्तिनामा घोषित

- **अंबरनाथ, उल्हासनगर में किए गए एवं किए जाने वाले विकास कार्यों की घोषणा**

⏭ यूसुफ शेख



**अंबरनाथ.** अंबरनाथ निर्वाचन क्षेत्र के शिवसेना (महायुति) के उम्मीदवार एवं गत 15 वर्षों से विधायक डॉ. बालाजी किणीकर ने सोमवार को अपना संकल्प नामा, वचनपूर्ति प्रकाशित किया. जिसमें अंबरनाथ शहर एवं उल्हासनगर के लिए किए गए विकास कामों का उल्लेख किया गया है. इन दोनों शहरों के लिए वह क्या कार्य करने वाले हैं, इसके बारे में पत्रकारों को बताया. इस मौके पर महायुति के घटक दल शिवसेना, भाजपा, आरपीआई, राकांपा (अ.प.) के नेता उपस्थित थे. वचनपूर्ति नामा में बताया गया है कि अंबरनाथ में सुसज्ज शासकीय महाविद्यालय और अस्पताल, तालुका दीवानी न्यायालय की इमारत निर्मिती की गई. चिखलोली डैम की ऊंचाई बढ़ाने का कार्य प्रगति पथ पर है. चिखलोली स्टेशन बाधित किसानों को योग्य मुआवजा दिलाया. उल्हासनगर में सुसज्ज प्रशासकीय इमारत निर्माण, पुलिस स्टेशन के लिए नई इमारत उल्हासनगर में खिलाड़ियों के लिए इनडोर स्टेडियम का निर्माण, अंबरनाथ आईटीआई इमारत के लिए निधि मंजूर, भव्य नाट्यगृह का काम अंबरनाथ में प्रगति पथ पर है. चिखलोली परिसर में हिंदू, मुस्लिम ईसाई दफनभूमि की व्यवस्था, उल्हासनगर में बांधकाम इमारतों को नियमानुकूल करने में सफलता, ये किणीकर ने वचनपूर्ति की है, तो उन्होंने ये वादा किया है कि उल्हासनगर के लिए स्वतंत्र विद्युत केंद्र बनाया जाएगा. अंबरनाथ वासियों के लिए 258 करोड़ रुपए खर्च करके सन 2056 तक की पानी समस्या दूर की जाएगी. अंबरनाथ में संयुक्त घनकचरा प्रकल्प कार्यान्वित किया जाएगा. उल्हासनगर में सिंधी मार्केट बनाया जाएगा. उल्हासनगर, अंबरनाथ में सर्वधर्मीय श्मशान भूमि का नूतनीकरण किया जाएगा. अंबरनाथ में सिटी पार्क की निर्मिती का संकल्प उन्होंने किया है. वचन पूर्ति प्रकाशित करते समय स्वतः विधायक किणीकर, शिवसेना जिला अध्यक्ष गोपाल लांडगे, भाजपा प्रदेश सचिव गुलाब करंजुले, शहराध्यक्ष सर्जेराव माहूरकर, सुनिल चौधरी, अब्दुल शेख, अभिजीत करंजुले, सुभाष सालुंखे, राकांपा अध्यक्ष अप्पा मालुसरे आदि उपस्थित थे.

### मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे कल अंबरनाथ में



अंबरनाथ विधानसभा के शिवसेना के उम्मीदवार डॉ. बालाजी किणीकर के प्रचारार्थ 13 नवंबर बुधवार को अंबरनाथ पूर्व में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे महासभा को संबोधित करेंगे. पत्रकारों को ऐसी जानकारी जिला अध्यक्ष गोपाल लांडगे एवं पूर्व नगराध्यक्ष सुनिल चौधरी ने दी है. अंबरनाथ पूर्व में शिवमंदिर को जाने वाले जोड़ रास्ते पर ये विशाल सभा दोपहर में 3 बजे होगी, जिसमें सांसद श्रीकांत शिंदे के अलावा भाजपा, राकांपा, आरपीआई के नेता उपस्थित होंगे. शिवसेना की ये पहली विशाल सभा अंबरनाथ में होने जा रही है.


# भरारी टीम के वसूलीबाज 5 कर्मचारियों का हुआ निलंबन

- **कर्तव्य में लापरवाही भारी पड़ी**

**उल्हासनगर.** उल्हासनगर विधानसभा क्षेत्र भरारी दस्ता क्रमांक. 3 और 6 के उल्हासनगर मनपा के कर्मचारी क्लर्क संकेत चैनपुर, संदीप शिरसवाल, अन्नासाहेब बोरुडे के साथ-साथ इस दस्ते के पुलिस कांस्टेबल विश्वनाथ ठाकुर और पुलिस नाइक राजरत्न बुकटे को 8 नवंबर 2024 को देर रात चुनाव निर्णय अधिकारी विजयानंद शर्मा द्वारा चुनाव ड्यूटी में लापरवाही बरतने के लिए दोषी ठहराया गया। इनके खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया गया है और तत्काल निलंबन की कार्रवाई की गई है. बबन अमले, निवासी. भांडुप (पश्चिम) 18 अक्टूबर 2024 को सुबह-सुबह म्हारल नाका, उल्हासनगर नं. 1 से अपने दोस्त नितिन शिंदे के साथ अपनी अर्टिगा कार में अहमदनगर और पुणे जिले में फूल उत्पादकों को पैसे पहुंचाने के लिए 7 लाख 50 हजार नकद ले जा रहे थे. इस दौरान भरारी टीम के प्रमुख संदीप शिरसवाल व संकेत चनपूर ने मुकदमा दायर करने व पैसा जब्त कर लिए जाने का डर दिखाकर अमले से 85,000 निकाल लिए।

इस घटना के बाद संबंधित व्यक्ति ने 19 अक्टूबर 2024 को पुलिस उपायुक्त के पास शिकायत दर्ज कराई. इस घटना की गंभीरता





को देखते हुए पुलिस विभाग ने आगे की जांच की और पूरी घटना की रिपोर्ट उल्हासनगर विधानसभा क्षेत्र के चुनाव रिटर्निंग ऑफिसर विजयानंद शर्मा को सौंपी.

पुलिस उपायुक्त, परिमंडल 4 ने मामले की जांच करने और संबंधित लोगों के बयान दर्ज करने के बाद, 28 अक्टूबर 2024 को उल्हासनगर नगर निगम आयुक्त और उल्हासनगर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के चुनाव रिटर्निंग अधिकारी विजयानंद शर्मा को पहली रिपोर्ट सौंपी।

चुनाव रिटर्निंग अधिकारी शर्मा ने 31 अक्टूबर 2024 को संबंधित विभागों को संबंधित कर्मचारियों के खिलाफ तत्काल प्रशासनिक कार्रवाई करने के लिए एक रिपोर्ट भेजी क्योंकि संबंधित कर्मचारी भ्रष्ट आचरण में लिप्त थे। भविष्य में ऐसा दोबारा न हो, इसके लिए प्रशासनिक कार्रवाई के साथ-साथ चुनाव निर्णय अधिकारियों के माध्यम से संबंधित कर्मचारियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने की सख्त कार्रवाई की गयी. इस बीच कलेक्टर और जिला निर्वाचन अधिकारी अशोक शिंगारे को तुरंत मामला दर्ज करने का निर्देश दिया.

संबंधित कर्मचारियों के खिलाफ प्रशासनिक अनुशासनात्मक कार्रवाई करने के संबंध में निर्वाचन अधिकारी द्वारा भेजी गई रिपोर्ट के आधार पर, उल्हासनगर मनपा आयुक्त और पुलिस उपायुक्त, परिमंडल-4 ने सभी पांच संबंधित कर्मचारियों को निलंबित कर दिया है। साथ ही भरारी टीम संख्या 3 एवं 6 में तत्काल नये कर्मचारियों की नियुक्ति की गयी है.

जिला कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अशोक शिंगारे ने चुनाव ड्यूटी पर लगी सभी टीमों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सौंपे गए चुनाव कार्य को सही एवं निष्पक्षता से करने के सख्त निर्देश दिए हैं. चुनाव रिटर्निंग ऑफिसर शिंगारे की इस सख्त कार्रवाई से निर्वाचन क्षेत्र की सभी टीमें अलर्ट हो गई हैं.

# वरिष्ठ मतदाताओं ने घर से ही किया मतदान



- **मतदान प्रतिशत में वृद्धि के लिए अनोखी पहल**

**उल्हासनगर.** बदलापुर मुरबाड सहित उल्हासनगर व अंबरनाथ विधानसभा क्षेत्र में वरिष्ठ नागरिकों द्वारा मताधिकार का प्रयोग किया गया। यहां 85 वर्ष से अधिक उम्र के वरिष्ठ मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया. इस वर्ष चुनाव आयोग ने 85 वर्ष से अधिक उम्र के उन वरिष्ठ नागरिकों को घर पर मतदान करने की सुविधा प्रदान की है जो स्थायी रूप से बीमार हैं या विकलांगता के कारण चलने में कठिनाई होती है। तदनुसार, बदलापुर मुरबाड निर्वाचन क्षेत्र के बदलापुर गांव की लक्ष्मी जाधव, राधा पिसेकर, शालिनी ओक, रघुनाथ कुलकर्णी, निर्मला कुलकर्णी दत्तात्रेय गांजरे, नाज़िम मुल्ला ने आज घर पर मतदान के अपने अधिकार का प्रयोग किया। चुनाव अधिकारी व कर्मचारी इस प्रक्रिया में बहुत ही अच्छा सहयोग कर रहे हैं।

> जीवन में हजारों लड़ाइयां जीतने से बेहतर स्वयं पर विजय प्राप्त कर लो. फिर जीत हमेशा तुम्हारी होगी, जिसे तुमसे कोई नहीं छिन सकता. - महात्मा गौतम बुद्ध

उल्हास विकास संपादकीय

## वैश्विक महाशक्ति बनने का हकदार है भारत


अर्थव्यवस्था के मामले में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत की अच्छी साख बनी है। अब दुनिया के विकसित और महाशक्ति कहे जाने वाले देश भी भारत को आर्थिक रूप से लगातार मजबूत होते देश के तौर पर स्वीकार करने लगे हैं, तो इसका मतलब है कि यह आज वैश्विक पटल पर कई स्तरों पर यह अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करा रहा है। अर्थव्यवस्था से लेकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कई समस्याओं और अलग-अलग देशों के साथ कूटनीति के मोर्चे पर भारत ने अपनी एक स्वतंत्र और मजबूत पहचान बनाई है।

शायद यही वजह है कि रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने इस बात की स्पष्ट वकालत की है कि भारत वैश्विक महाशक्तियों की सूची में शामिल होने का हकदार है, क्योंकि इसकी अर्थव्यवस्था किसी भी अन्य देश की तुलना में तेजी से आगे बढ़ रही है। इसके अलावा, पुतिन ने यह भी कहा कि भारत की आबादी करीब डेढ़ अरब है, यहां एक प्राचीन संस्कृति रही है और यहां भविष्य में भी विकास की बहुत अच्छी संभावनाएं हैं।

यों रूस और भारत के बीच बहुत पहले से अच्छे संबंध रहे हैं और इस नाते दोनों एक दूसरे के सम्मान का खयाल रखने की कोशिश करते रहे हैं। मगर पिछले कुछ दशक में भारत ने आर्थिक और वैश्विक साझेदारी के मोर्चे पर जिस तरह लगातार शक्ति अर्जित की है, उसमें उसे नजरअंदाज करना कठिन हो गया है। खासकर, वैश्विक दक्षिण के देशों को एकजुट करने में इसकी अहम भूमिका रही है। इसने दुनिया का ध्यान अपनी ओर खींचा है। पिछले कुछ समय से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भू-राजनीति की दृष्टि से जो नए समीकरण बने हैं, उसमें भारत को एक ताकतवर सहयोगी के तौर पर देखा जा रहा है और उसे उचित जगह देने की वकालत की जा रही है। मसलन, हाल के वर्षों में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत को भी स्थायी सदस्य के तौर पर शामिल करने को लेकर अब अक्सर आवाज उठाई जाती है।

कूटनीतिक स्तर पर भी कई जटिल समस्याओं का हल निकालने में इसने एक मजबूत पक्ष के रूप में काम किया है। इसलिए पुतिन का भारत को वैश्विक महाशक्तियों की सूची में शामिल करने का सुझाव अकारण नहीं है।

# मुस्लिम जातियों की पहचान, झूठ को बेनकाब करने का समय



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हाल में कांग्रेस द्वारा जातिगत जनगणना करवाने की मांग की मंशा पर सवाल उठाते हुए कहा कि कांग्रेस द्वारा केवल हिंदू समाज की जातीय जनगणना की बात करने का उद्देश्य हिंदुओं को एक जाति को दूसरी जाति के खिलाफ भड़काना भर है, जबकि मुसलमानों की विभिन्न जातियों की बात पर कांग्रेस मुंह बंद कर लेती है।

मालूम हो कि कांग्रेस के नेतृत्व वाली संप्रग सरकार ने वादा करने के बावजूद 2011 में हुई जनगणना में अन्य पिछड़ा वर्ग यानी ओबीसी से संबंधित जातिगत गणना के आंकड़े को सार्वजनिक नहीं किया। यह विडंबना ही है कि आज वही कांग्रेस जातीय जनगणना के लिए सबसे अधिक व्याकुल है। कांग्रेस का विभिन्न मुस्लिम जातियों के बारे में चर्चा न करना और उनके बीच सामाजिक न्याय की उपेक्षा कर पसमांदा और अशराफ मुस्लिमों के विभेद को नकारना उसकी सामाजिक न्याय की नीति पर प्रश्नचिह्न लगाता है।

प्रधानमंत्री मोदी तो लगातार मुस्लिमों की जातियों और उनके सामाजिक न्याय के संघर्ष की तरफ सबका ध्यान आकर्षित करते रहे हैं, लेकिन तथाकथित सेक्युलर-लिबरल, कांग्रेसी और कम्युनिस्ट मुस्लिमों की जातियों पर चर्चा करना उचित नहीं समझते और न ही मुस्लिम समाज के सामाजिक न्याय का संघर्ष उनके लिए कोई मायने रखता है। उनके इस रवैये से पसमांदा समाज में क्षोभ की स्थिति व्याप्त होना स्वाभाविक है।

संविधान के अनुच्छेद-340 के तहत राष्ट्रपति सामाजिक और शैक्षणिक रूप से पिछड़े वर्गों की स्थिति की जांच के लिए आयोग गठित कर सकते हैं। अनुच्छेद-340 इस बात को भी स्पष्ट करता है कि कोई आयोग सामाजिक और शैक्षणिक रूप से ओबीसी की स्थिति की उचित पड़ताल के बाद ही सिफारिशें कर सकता है।


ऐसी स्थिति में ओबीसी से संबंधित जातिगत आंकड़े एकत्र करना नितांत आवश्यक हो जाता है, ताकि शिक्षा, रोजगार एवं राजनीति सहित विभिन्न क्षेत्रों में इससे संबंधित सभी पात्र समुदायों को आरक्षण और अन्य कल्याणकारी योजनाओं का समुचित लाभ मिल सके। ऐसा नहीं है कि मुस्लिम समाज के जातिगत विभेद से राजनीतिक पार्टियां अवगत न हों। वे भली तरह अवगत हैं, लेकिन वोट बैंक के लोभ में कुछ बोलना नहीं चाहतीं।

1955 में आई काका कालेलकर आयोग की रिपोर्ट ने मुसलमानों और अन्य पंथों के बीच कुछ जातियों/समुदायों को भी पिछड़ा घोषित किया था। मंडल आयोग ने भी सैद्धांतिक रूप से स्वीकार किया था कि जातियां या जातियों जैसी संरचना केवल हिंदू समाज तक ही सीमित नहीं, अपितु यह गैर हिंदू समूहों-मुसलमानों, सिखों और ईसाइयों के बीच भी पाई जाती है।

इंदिरा साहनी बनाम भारत संघ केस में नौ जजों की बेंच ने पिछड़ेपन के निर्धारण के रूप में आर्थिक मानदंड को खारिज कर दिया था। न्यायालय ने जाति की अवधारणा को यह कहते हुए बरकरार रखा कि भारत में जाति एक सामाजिक वर्ग हो सकती है और प्रायः होती भी है। गैर-हिंदुओं यानी मुसलमानों और दूसरे धर्मों में पिछड़े वर्गों के सवाल पर न्यायालय ने कहा था कि उनकी पहचान उनके पारंपरिक व्यवसायों के आधार पर की जानी चाहिए।

इस प्रकार पिछड़ा वर्ग एक ऐसी श्रेणी है, जो बिना किसी धार्मिक भेदभाव के विशेष रूप से उन जाति समूहों को संदर्भित करती है, जो सामाजिक पदानुक्रम में मध्य स्थान पर स्थापित हैं और आर्थिक, शैक्षिक तथा अन्य मानव विकास संकेतकों के मामले में पीछे रह गए हैं। इससे यह स्पष्ट होता है कि मुस्लिम समाज की जातिगत गणना की बात करना न्यायसंगत है, लेकिन तथाकथित सेक्युलर-लिबरल और सामाजिक न्याय की बात करने वाली पार्टियों की तरफ से ऐसी कोई पहल नहीं दिखी है।

बिहार जातिगत सर्वे के समय यह चिंता जताई गई थी कि मुस्लिमों में उच्च वर्ग यानी अशराफ खुद को पिछड़ी जाति में शामिल शेखड़ा और कुलहैया जाति बताकर पिछड़ा और अति पिछड़ा वर्ग का लाभ लेता रहा है। तब यह आशंका भी व्यक्त की गई थी कि कहीं ऐसा न हो कि वे अशराफ मुसलमान इस जाति गणना की आड़ में पिछड़े और अति पिछड़े बन जाएं, जो सामाजिक और आर्थिक रूप से अगड़े हैं।


अध्यात्म इस बात को पहचानना है कि हमारा सच्चा आपा हमारी आत्मा है।

- संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

स्थान - सावन कृपाल रूहानी मिशन, सावन आश्रम, परम संत कृपाल सिंह जी महाराज चौक, खेमानी रोड, उल्हासनगर-२

देखें सत्संग आस्था चैनल पर हर रोज़ सोम - शनि सुबह ८.२० से ८.४० तक


# ...तो देश ज्ञान की महाशक्ति बनेगा

हर साल नवंबर की 11 तारीख को हम राष्ट्रीय शिक्षा दिवस के रूप में मनाते हैं। आजाद भारत के पहले शिक्षा मंत्री मौलाना अबुल कलाम आजाद इसी दिन पैदा हुए थे। उन्होंने नौजवानों में रचनात्मक सोच, नैतिक मूल्यों और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना के विकास पर जोर दिया था। जिस तरह बदलते समय और समाज के साथ हमारी जरूरतें बदलती हैं और बदलती जरूरतों के साथ हमारी समस्याएं भी बदलती हैं, उसी तरह हमारी शिक्षा व्यवस्था में भी बदलाव अनिवार्य है। देश में आजादी के बाद से अब तक तीन प्रमुख शिक्षा नीति लाई जा चुकी हैं- राष्ट्रीय शिक्षा नीति 1968, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 1986 और राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020। राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 का दृष्टिकोण एक ऐसी शिक्षा प्रणाली का निर्माण करना है, जो भारत को ज्ञान की महाशक्ति बनाए और एक मजबूत, समावेशी और अभिनव समाज का निर्माण करे। इस नीति का उद्देश्य ऐसे नागरिकों का निर्माण करना है, जो वैश्विक नजरिये के साथ-साथ भारतीय मूल्यों और संस्कृति में भी गहराई से जुड़े हों।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की घोषणा से पहले ही 2015 में संयुक्त राष्ट्र के सदस्य देशों ने मिलकर वैश्विक समस्याओं को ध्यान में रखते हुए 17 नए सतत विकास लक्ष्य (एसडीजी) तैयार किए, जिन्हें 193 सदस्य देशों ने अपनाया था। इन लक्ष्यों का उद्देश्य मानवता और प्रकृति के संतुलित विकास के लिए एक व्यापक योजना तैयार करना था, जिसमें शिक्षा, स्वास्थ्य, समानता, पर्यावरण सुरक्षा, जलवायु परिवर्तन, आर्थिक विकास और वैश्विक सहयोग पर ध्यान केंद्रित किया गया। भारत भी इन लक्ष्यों का एक हस्ताक्षरकर्ता रहा है और यह हमारी जिम्मेदारी है कि हम अपनी नीतियों और कार्यों में इन लक्ष्यों को प्रभावी ढंग से अपनाएं। हालांकि, एक बड़ी चुनौती यह है कि नागरिकों में सतत विकास लक्ष्यों के प्रति जिम्मेदारी का भाव कैसे उत्पन्न किया जाए, क्योंकि दुनिया भर में लोग विभिन्न सीमाओं, जाति, पंथ आदि के आधार पर विभाजित हैं। इस विभाजन के कारण अक्सर लोग एक-दूसरे से अलग-थलग महसूस करते हैं और वैश्विक समस्याओं के प्रति उनकी जिम्मेदारी का एहसास कमजोर हो जाता है। इस समस्या का उपयुक्त समाधान है कि जन समुदाय में वैश्विक नागरिकता का भाव पैदा किया जाए। यह गर्व की बात है कि हमारे देश की सभ्यता का तो मूल मंत्र ही वसुधैव कुटुम्बकम् और सर्वे भवन्तु सुखिनः है। अर्थात, हम लोग आदि-अनादि काल से ही वैश्विक नागरिकता के सिद्धांत का पालन करते आए हैं। वसुधैव कुटुम्बकम् का विचार हमें सिखाता है कि पूरी दुनिया के लोग एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं और उनकी भलाई में ही हमारी भलाई है। यह दृष्टिकोण जाति, धर्म या राष्ट्रीय सीमाओं से ऊपर उठकर पूरी मानवता को एक परिवार के रूप में देखता है। वहीं, सर्वे भवन्तु सुखिनः का संदेश समानता, शांति और समृद्धि की कामना करता है। यह विचार लोगों को आपसी प्रेम, दया और सहानुभूति से जोड़ता है, जो वैश्विक नागरिकता का मूल है।

हमारे उच्च शिक्षण संस्थानों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से यूजीसी ने एसडीजी और एनईपी 2020 के अनुरूप 'एजुकेशनल फ्रेमवर्क फॉर ग्लोबल सिटीजनशिप इन हायर एजुकेशन' तैयार किया है। यह दस्तावेज वैश्विक नागरिकता के दृष्टिकोण, पाठ्यक्रम संरचना, शिक्षा-शास्त्र, सीखने के परिणामों व इसके कार्यान्वयन के तौर-तरीकों पर प्रकाश डालता है।

वैश्विक नागरिकता एक सकारात्मक विचार है, पर इसे वास्तविकता में उतारने में कई चुनौतियां आएंगी। इनके समाधान के लिए वैश्विक स्तर पर सहयोग और संवाद की आवश्यकता है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 की दृष्टि बहुत व्यापक है, जो हमारे शिक्षार्थियों को वैश्विक नागरिक के रूप में विकसित करने पर जोर देती है, साथ ही उन्हें अपनी जड़ों और जीवन मूल्यों से जुड़े रहने पर भी जोर देती है।

# कर्नाटक में 14 साल बाद लकी बैम्बू पौधों से खिले फूल


लकी बैम्बू प्लांट्स उन घरों में सबसे आम पौधे होते हैं जो वास्तु में विश्वास रखते हैं और अपने घर की सुंदरता को पौधों के साथ बढ़ाना चाहते हैं. ये

### जरा हट के

पौधे कहीं भी, अंदर या बाहर, उगाए जा सकते हैं. ज्यादातर लोग इन पौधों को घर के अंदर रखना पसंद करते हैं. हालांकि, इन पौधों की वृद्धि घर के अंदर बहुत धीमी होती है.

कुछ लोगों ने इन पौधों को इन दिनों खिलते हुए देखा है. घर के अंदर रखने वाले लोग कभी भी इस पौधे को खिलते हुए नहीं देख पाते क्योंकि ये पौधे बहुत ही कम खिलते हैं. ये पौधे जब जमीन में लगाए जाते हैं, तो दशकों बाद फूल आते हैं.

दक्षिण कन्नड़ जिले के सुल्या तालुक के पांझड़ा चिंगनीगुडे के निवासी जिन्नप्पा अल्वा के घर में 14 साल बाद लकी बैम्बू पौधों से फूल खिलने से हैरान कर दिया है. जी हां, जिन्नप्पा ने इस पौधे को 14 साल पहले अपने घर लाया था. अब



इस पौधे में जो फूल आए हैं, वह आश्चर्य का कारण बन गए हैं.

जिन्नप्पा अल्वा ने ये पौधे 14 साल पहले कुके सुब्रह्मण्य से लाए थे क्योंकि यह एक लकी पौधा था, इसे घर के भगवान के कमरे में रखा गया था. लोकल 18 को जिन्नप्पा अल्वा ने बताया कि जैसे-जैसे पौधा बढ़ता गया, उन्होंने इसे घर के बाहर तुलसी के पौधे के पास लगा दिया और रोज़ पानी देना शुरू किया.

### लकी बैम्बू पौधे की वृद्धि

लकी बैम्बू पौधा अब अपनी ऊंचाई तक पहुंच चुका है और 14 साल बाद पहली बार इसमें फूल खिले हैं. आमतौर पर लोग इन पौधों को तब तक नहीं उगाते जब तक ये बहुत बड़े न हो जाएं. जिन्नप्पा इस पौधे की देखभाल पूरी तरह से कर रहे हैं, इसी कारण वे इस पौधे के फूल देख पा रहे हैं. कुल मिलाकर, लकी बैम्बू पौधे, जो बाजार में बहुत लोकप्रिय हैं, अगर घर के बाहर मिट्टी में लगाए जाएं और पूरी देखभाल के साथ उगाए जाएं, तो इन पौधों में फूल खिल सकते हैं, बजाय इसके कि इन्हें घर के अंदर रखा जाए.

# आंवले से बनाएं डाइजेस्टिव गोली

खाना-खजाना

आंवला खाने के ढेर सारे फायदे हैं। एंटीऑक्सीडेंट और विटामिन सी से भरपूर आंवला इम्यूनिटी बूस्ट करता है। हिंदू धर्म में कार्तिक महीने के शुक्ल पक्ष की अक्षय नवमी के दिन आंवले के पेड़ के नीचे खाने की परंपरा है। वैसे तो आंवले को सुखाकर पाउडर बनाकर और जूस को पिया जाता है। लेकिन ताजे मिल रहे आंवले को अगर डाइट में शामिल करना चाहते हैं तो बनाएं डाइजेस्टिव खट्टी-मीठी गोलियां। जिसे बच्चे और बड़े सब खाना पसंद करेंगे।

**सामग्री :**

- 500 ग्राम आंवला
- एक कप गुड़
- सेंधा नमक स्वादानुसार
- काला नमक एक चम्मच
- काली मिर्च पाउडर एक चम्मच
- भुना जीरा एक चम्मच
- आधा कप पिसी चीनी
- एक चौथाई चम्मच हींग
- आधा चम्मच नींबू का रस

**विधि :**



सबसे पहले आंवले को धोकर सुखा लें। फिर इसे कूकर में उबाल लें। उबले आंवले को कूकर से निकालें और ठंडा होने के लिए रख दें। जब ये ठंडे हो जाएंगे तो आंवले की गुठली को बिल्कुल आसानी से अलग कर दें। आंवलों को मिक्सी में डालकर पीसें और पेस्ट तैयार कर लें। ध्यान रहे कि आंवला बिल्कुल बारीक पिसा हो। कण ना रह जाएं। पीसने में पानी का थोड़ा इस्तेमाल किया जा सकता है. अब पैन गर्म करें और एक कप गुड़ डालें। साथ ही पिसा हुआ आंवले का पेस्ट भी डाल दें। धीरे-धीरे मिक्स करते हुए भूनें। गैस की फ्लेम को धीमा रखें और धीरे-धीरे सारे मसाले डालें। भुना जीरा, काली मिर्च, हींग, काला नमक, सेंधा नमक सब डालकर भूनें। इसे तब तक चलाएं जब तक कि ये गाढ़ा ना हो जाए। जब गाढ़ा होकर एक जगह इकट्ठा हो जाए गैस की फ्लेम बंद कर दें और थोड़ा ठंडा हो जाने दें। प्लेट पर पिसी चीनी डालें और तैयार आंवले की छोटी गोली बनाएं और पिसी चीनी को इस पर लपेटें।

# देश में 50% लोगों को पता ही नहीं कि उन्हें डायबिटीज है

### ऐसी दिक्कतें हैं तो आप भी हो जाइए सावधान

डायबिटीज एक वैश्विक स्तर पर बढ़ती स्वास्थ्य समस्या है जिसका खतरा कम उम्र के लोगों में भी देखा जा रहा है। एक डेटा के अनुसार साल 2021 में 20-79 वर्ष के 537 मिलियन (53.7 करोड़) वयस्क मधुमेह से पीड़ित थे, यानी कि हर 10 में एक व्यक्ति को ये बीमारी थी। समय के साथ ये समस्या और भी बढ़ती जा रही है, जिसको लेकर स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने सभी लोगों को सावधान रहने की सलाह दी है। विशेषज्ञों का अनुमान है कि डायबिटीज रोगियों की संख्या 2030 तक 643 मिलियन (64.3 करोड़) और 2045 तक 783 मिलियन (78.3 करोड़) तक हो सकती है।

लाइफस्टाइल और आहार की गड़बड़ी को टाइप-2 डायबिटीज का प्रमुख कारण माना जाता है। डॉक्टर कहते हैं, सभी लोगों को इसमें सुधार पर ध्यान देना चाहिए। जिन लोगों के परिवार में पहले से किसी को डायबिटीज की समस्या रही है उन्हें और भी सतर्कता बरतते रहना जरूरी है। वैश्विक स्तर पर बढ़ती इस गंभीर और क्रोनिक बीमारी के बारे में लोगों को जागरूक करने, इससे बचाव को लेकर लोगों को शिक्षित करने के उद्देश्य से हर साल 14 नवंबर को विश्व मधुमेह दिवस मनाया जाता है। विशेषज्ञों ने चिंता जताई है कि देश में बड़ी संख्या में ऐसे लोग भी हैं जिन्हें डायबिटीज तो है पर वे इससे अनजान हैं। इस तरह की स्थिति गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बन सकती है।

### आधे से अधिक लोग बीमारी से अनजान

भारत में डायबिटीज के जोखिमों को लेकर विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने एक रिपोर्ट में बताया कि देश में 50% से ज्यादा लोगों को अपनी मधुमेह की स्थिति के बारे में पता ही नहीं है। अगर समय रहते इसका निदान न किया जाए और इलाज न हो पाए तो स्वास्थ्य संबंधी कई गंभीर जटिलताएं विकसित हो सकती हैं।

डायबिटीज में शुगर का लेवल सामान्य से अधिक बना रहता है, अगर इसे कंट्रोल करने के लिए दवा या उपचार न लिए जाएं तो समय के साथ आंखें, किडनी खराब होने और तंत्रिकाओं से संबंधित समस्या होने का खतरा हो सकता है।




### कैसे जानें कहीं आपको भी तो नहीं है डायबिटीज?

**स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, कुछ लक्षणों के माध्यम से जाना जा सकता है कि कहीं आपको ये बीमारी तो नहीं हैं? जिनके माता-पिता में से किसी को मधुमेह की दिक्कत रही हो उन्हें विशेष सावधानी बरतनी चाहिए। डायबिटीज में शुगर का लेवल बढ़े रहने के कारण कई तरह की स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं। मधुमेह से पीड़ित लोगों को बार-बार पेशाब आने (खासकर रात में) की समस्या होती है। आपको अधिक प्यास लग सकती है, बिना किसी कारण के वजन घटना, अक्सर थका हुआ या कमजोर महसूस करना, हाथ या पैर में सुन्नपन या झुनझुनी होना, घावों को ठीक होने में अधिक समय लगना या समय के साथ नजरों का कमजोर होना संकेत हो सकता है कि आप डायबिटीज से पीड़ित हैं।**

### डायबिटीज की गंभीर स्थिति

भारत में अनुमान है कि 18 वर्ष से अधिक आयु के 77 मिलियन (7.7 करोड़) लोग टाइप-2 डायबिटीज से पीड़ित हैं और लगभग 25 मिलियन (ढाई करोड़) प्रीडायबिटिक हैं, जिनमें निकट भविष्य में मधुमेह विकसित होने का उच्च जोखिम हो सकता है। 50% से अधिक लोगों को पता ही नहीं है कि उन्हें डायबिटीज है, जोकि एक गंभीर चिंता का विषय है।

मधुमेह के शिकार लोगों में दिल के दौरे और स्ट्रोक का जोखिम दो से तीन गुना अधिक देखा जाता। डायबिटीज की गंभीर स्थिति में पैरों में रक्त प्रवाह में कमी आ जाती है। इसके अलावा न्यूरोपैथी (तंत्रिका क्षति) के कारण पैरों में अल्सर, संक्रमण और अंततः कुछ लोगों में पैरों को काटने की भी नौबत हो सकती है।

## आज का राशिफल

**मेष :** परिवार की चिंता रहेगी। जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। कानूनी अड़चन दूर होगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। थकान रहेगी। पिता का स्वास्थ्य संतोष देगा। अहंकार के भाव मन में न आने दें। व्यापार में नई योजनाओं से लाभ होगा। आर्थिक स्थिति संतोषप्रद रहेगी।

**वृषभ :** धनागम होगा। भूमि व भवन संबंधी योजना बनेगी। रोजगार मिलेगा। आय में वृद्धि होगी। जल्दबाजी न करें। नौकरी में ऐच्छिक स्थानांतरण एवं पदोन्नति के योग हैं। स्वाध्याय के महत्व को समझें। संतान को अपने कार्यों में सफलता मिल सकेगी।

**मिथुन :** व्यवसाय ठीक चलेगा। प्रमाद न करें। स्वादिष्ट भोजन का आनंद मिलेगा। विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा। कार्य एवं व्यवसाय के क्षेत्र में विभिन्न बाधाओं से मन अशांत रहेगा। स्वार्थ एवं भोग की प्रवृत्ति से दूर रहें। कार्यस्थल पर प्रतिष्ठा प्राप्त कर पाएँगे।

**कर्क :** लाभ के अवसर हाथ से निकलेंगे। शत्रु से सतर्क रहें। काम के प्रति लापरवाही न करें, किसी बात पर मतभेद की संभावना है। शारीरिक कष्ट से बाधा संभव है। विवाद न करें। दु:खद समाचार मिल सकता है। कुसंगति से हानि होगी।

**सिंह :** सुख के साधन जुटेंगे। शत्रु परास्त होंगे। सुखवृद्धि एवं पारिवारिक उन्नति होगी। आर्थिक योजनाओं में धन का निवेश हो सकता है। प्रयास सफल रहेंगे। मान-सम्मान मिलेगा। व्यवसाय ठीक चलेगा। पड़ोसियों से किसी बात पर मतभेद की संभावना है।

**कन्या :** मित्रों की मदद से समस्या का समाधान हो सकेगा। शुभ समाचार प्राप्त होंगे। मान बढ़ेगा। धनार्जन होगा। थकान रहेगी। रचनात्मक कार्य में मन लगेगा। अपना व्यवहार संयमित रखकर काम करें। समय का सदुपयोग होगा। वैवाहिक प्रस्ताव मिल सकता है।

**तुला :** व्यापार में मनोनुकूल लाभ होने के योग हैं। प्रसन्नता में वृद्धि होगी। कामकाज की जिज्ञासा बढ़ेगी। बेरोजगारी दूर होगी। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। राजनीतिक एवं सामाजिक कार्यों में सफलता की संभावना है।

**वृश्चिक :** अनसोचे कार्य होंगे। दांपत्य जीवन में मनमुटाव हो सकता है। पारिवारिक समस्याएँ सूझबूझ से निपटाएँ। कार्य में सहयोग मिलेगा। सामाजिक मान-प्रतिष्ठा बढ़ेगी। फालतू खर्च होगा। क्रोध पर नियंत्रण रखें। पुराना रोग उभर सकता है।

**धनु :** प्रयास सफल रहेंगे। योजना बनेगी। आशानुरूप स्थिति बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। व्यापारिक गोपनीयता भंग न करें। पूंजी निवेश लाभकारी रहेगा। व्यापार की चिंता रहेगी। पुराना रोग उभर सकता है। बेचैनी रहेगी। विचार-विमर्श लाभप्रद रहेगा।

**मकर :** मान-सम्मान बढ़ेगा। कार्यसिद्धि होगी। प्रसन्नता रहेगी। पारिवारिक तनाव से मन परेशान रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नए अनुबंध हो सकते हैं। व्यवसाय ठीक चलेगा। लाभ में कमी आ सकती है। उचित मार्गदर्शन लेना जरूरी होगा। प्रमाद न करें।

**कुंभ :** धनार्जन होगा। प्रसन्नता रहेगी। यश, प्रतिष्ठा में वृद्धि के योग हैं। मनोरंजन के अवसर उपलब्ध होंगे। अनसोचे कामों में हाथ नहीं डालें। कामकाज की जिज्ञासा बढ़ेगी। आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी। धर्म-कर्म में रुचि रहेगी। कानूनी अड़चन दूर होगी।

**मीन :** व्यापार में लाभ होने के योग हैं। धार्मिक कामों में रुचि बढ़ेगी। चोट, चोरी व विवाद आदि से हानि संभव है। जोखिम न लें। झंझटों में न पड़ें। आय में कमी होगी। परिवार में किसी से विवाद हो सकता है। अपनी स्थिति, योग्यता के अनुरूप कार्य करें।

-ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

# नई फूल झाड़ू पर डाल दें 5-6 बूंद तेल



घर की साफ-सफाई करने के लिए हर कोई फूल वाली झाड़ू खरीदता है. आपने गौर किया होगा कि जब भी आप नई फूल वाली झाड़ू से घर झाड़ते होंगे, तो उसमें से ढेर सारी भूसी निकलती है. इससे घर साफ होने की बजाय और गंदा ही होता है. आप भी नई झाड़ू लाने के बाद इस समस्या से परेशान होते हैं तो हम आपके लिए लाए हैं एक बेहद ही आसान सा नुस्खा.

### नई फूल झाड़ू से भूसी को ऐसे करें साफ

1. यदि आप नया झाड़ू लेकर आए हैं तो उससे घर झाड़ने से पहले आप एक मोटी चौड़े दांतों वाली कंघी लें. कंघी नहीं है तो कपड़े धोने वाला ब्रश लें. इस कंघी या ब्रश से तीन से चार बार फूल झाड़ू पर कंघी करें. रगड़ कर तेजी से कंघी करें या ब्रेश चलाएं ऊपर से नीचे की तरफ. इससे काफी भूसी निकल जाएगी.

2. अब आप झाड़ू.पर 5-6 बूंद नारियल का तेल चारों तरफ डाल दें. अब हाथों से झाड़ू का रगड़ें और एक दो बार फिर से कंघी चला दें. जितनी भी बची हुई भूसी होगी, सारी निकल जाएगी. इस तरह आप अपने घर में भूसी निकले बिना झाड़ू लगा सकते हैं.

# फेसवॉश की जगह इनका करें इस्तेमाल

### कुछ ही दिनों में निखर जाएगी चेहरे की रंगत

**खूबसूरत ग्लोइंग स्किन हर किसी की ख्वाहिश होती है। अपनी इसी ख्वाहिश को पूरा करने में लोग कोई कसर नहीं छोड़ते। ग्लोइंग और हेल्दी स्किन के लिए फेस की क्लींजिंग सबसे ज्यादा जरूरी होती है और इसके लिए भी बाजार में ढेरों प्रोडक्ट्स मौजूद हैं। हालांकि कई बार ये स्किन को और ज्यादा रफ और ड्राई बना देते हैं। ऐसे में सबसे अच्छा ऑप्शन यही है कि आप अपनी रसोई में रखी कुछ चीजों को ही फेस वॉश की तरह इस्तेमाल करें। तो चलिए जानते हैं ऐसी ही कुछ चीजों के बारे में।**

### बेसन और दही से करें डीप क्लीनिंग

फेसवॉश की जगह अपने चेहरे को साफ करने के लिए आप बेसन और दही का भी इस्तेमाल कर सकते हैं। अगर आप कील, मुंहासे या स्किन से जुड़ी किन्हीं अन्य समस्याओं से परेशान हैं, तो यकीन मानिए ये आपके लिए बहुत ही बेस्ट ऑप्शन साबित हो सकता है। इसके लिए बस थोड़ी से बेसन में एक दो चम्मच दही मिलाकर अच्छे से मिक्स करें और एक गाढ़ा सा पेस्ट तैयार करें। अब उबटन की तरह इससे चेहरे पर मसाज करें। लगभग 10 मिनट बाद साफ पानी से वॉश कर लें। ऐसा करने से त्वचा की डेड स्किन रिमूव होगी, साथ ही अनचाहे बालों से भी छुटकारा मिलेगा। नियमित तौर पर बेसन और दही का इस्तेमाल करने से त्वचा में खुद-ब-खुद निखार आ जाएगा।



### मुल्तानी मिट्टी का करें इस्तेमाल

स्किन के लिए मुल्तानी मिट्टी बहुत ही फायदेमंद होती है। सदियों से हमारी दादी-नानी भी अपनी त्वचा के निखार के लिए मुल्तानी मिट्टी का इस्तेमाल करती आई हैं। ये स्किन के एक्स्ट्रा ऑयल को रिमूव कर के, स्किन में ग्लो लाती है। मुल्तानी मिट्टी को चेहरे पर लगाकर कुछ देर के लिए ऐसे ही छोड़ दें और फिर साफ पानी से चेहरा धो लें। इस बात का ध्यान रखें कि मुल्तानी मिट्टी को लगाकर चेहरे को रगड़े नहीं। मुल्तानी मिट्टी स्किन को ड्राई कर सकती है इसलिए इसे लगाने के बाद मॉइश्चराइजर का इस्तेमाल करना ना भूलें।

### गुलाब जल का करें इस्तेमाल

सिर्फ भारत ही नहीं बल्कि पूरे विश्व में पुराने समय से ही महिलाएं अपनी खूबसूरती निखारने के लिए गुलाबजल का इस्तेमाल करती आई हैं। गुलाबजल स्किन को डीप क्लीन करने के साथ-साथ उसे हाइड्रेट और ग्लोइंग बनाए रखने में भी मदद करता है। अपने चेहरे को साफ करने के लिए एक कॉटन पैड पर थोड़ा सा गुलाबजल लगाएं और इसकी मदद से अपने फेस को क्लीन कर लें। कुछ ही दिनों में आपके चेहरे पर गुलाबी निखार आ जाएगा।

### मलाई से करें चेहरे की मसाज

सर्दियों के मौसम में त्वचा की देखभाल के लिए मलाई का इस्तेमाल करना फायदेमंद है। दरअसल सर्दियों के मौसम में स्किन बहुत ज्यादा ड्राई होने लगती है, ऐसे में मलाई स्किन को मॉइश्चराइज करने का काम करती है। आप फेस पैक और स्क्रब में इसे डालकर इस्तेमाल कर सकती हैं। इसके अलावा आप मलाई से लगभग 10 मिनट तक चेहरे की मसाज कर के, फिर इसे हल्के गुनगुने पानी से धो सकते हैं। कुछ ही दिनों में आपके चेहरे पर अलग सा निखार नजर आने लगेगा।

लेख में दी गई समस्त जानकारियां और सूचनाएं सामान्य मान्यताओं पर आधारित हैं. 'उल्हास विकास' इनकी पुष्टि नहीं करता है. इन पर अमल करने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से संपर्क करें.

## खबरें गांव की...

### मदरसे में मौलाना और प्रबंधक ने 14 साल की छात्रा से की अश्लील हरकत

**मेरठ.** यूपी के मेरठ से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। जहां एक गांव के मदरसे में मौलाना और प्रबंधक ने 14 साल की नाबालिग छात्रा से छेड़छाड़ की। इस पर छात्रा रोने लगी तो आरोपी ने जान से मारने की धमकी दी, इसके बाद छात्रा इतना डर गई कि उसने मदरसे में जाना छोड़ दिया। बाद में पता चलने पर परिजनों ने शनिवार को मामले में पुलिस को तहरीर दी। जिसके बाद आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। ये घटना जानी थाना क्षेत्र के एक गांव का है। यहां स्थित एक मदरसे का प्रबंधक मकसूद है। जबकि इसी में 42 साल का अदिल कारी बच्चों पढ़ाता है। आरोप है कि 29 अक्टूबर को इन दोनों ने मिलकर नाबालिग किशोरी को पहले एक कमरे में ले गए फिर यौन शोषण किया। बाद में जान से मारने की और नाम काटने की धमकी दी। इससे पीड़िता इतना डर गई कि वह मदरसा जाना ही छोड़ दिया।

### तिहरे हत्याकांड से दहला बिजनौर

**बिजनौर.** यूपी के बिजनौर के कोतवाली नगर क्षेत्र में रविवार सुबह तिहरे हत्याकांड से सनसनी फैल गई। यहां मोहल्ला मिर्दगान खस्सो में दंपति और बेटे की ईंट और चाकू-पेचकस से गोदकर निर्मम हत्या कर दी गई। तीनों के शव घर में ही खून से लथपथ पड़े मिले। इस तिहरे हत्याकांड से पुलिस महकमे के साथ-साथ क्षेत्र में भी हड़कंप मच गया। हत्यारोपियों ने पति-पत्नी और उनके बेटे की हत्या काफी निर्ममता से की है। इसकी गवाही तीनों के शव और घटनास्थल दे रहा है। पुलिस अफसरों के मुताबिक मंसूर अली और उसकी पत्नी का शव घर के बरामदे में नीचे पड़ा मिला, जबकि बेटे याकूब का शव एक कमरे में कपड़ों के नीचे छिपाया गया था। उसके गले को धारदार हथियार से काटा गया था, जबकि ईंट से भी कई वार किए गए थे। वहीं मंसूर के सीने में पेंचकस गड़ा मिला। पुलिस ने पेंचकस, चाकू और ईंट बरामद की है।

### ब्लैकमेल कर बार-बार बनाता रहा संबंध

**मुरादाबाद.** यूपी के मुरादाबाद के नागफनी थाना क्षेत्र में शिकंजी में नशीला पदार्थ मिलाकर युवती के साथ दुष्कर्म किया गया। युवती का पति कमाने के लिए केरल गया हुआ है। आरोपी, पीड़िता का ही एक रिश्तेदार है। उसने पीड़िता का अश्लील वीडियो बना लिया और फोटो भी खींच लिए। इन्हें वायरल करने की धमकी देकर वह महिला को ब्लैकमेल कर लगातार संबंध बनाता रहा। उससे तीन लाख 70 हजार रुपये भी वसूल लिए। जब युवती ने रुपये देना बंद कर दिया तो आरोपी ने अश्लील फोटो और वीडियो पीड़ित युवती के पति के पास भेज दी। पीड़िता की शिकायत पर नागफनी पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। नागफनी क्षेत्र निवासी महिला ने पुलिस को बताया कि उसके रिश्तेदार वहाबुद्दीन निवासी नवाबपुरा का उसके घर आना जाना था। वहाबुद्दीन की मां बीमार रहती है, इसलिए पीड़िता उसकी मां के लिए खाना बनाकर देती थी। पति केरल में रहकर मजदूरी करता है।

### यूपी में अवैध खनन रोकने पहुंची राजस्व टीम पर हमला, दो नायब तहसीलदार समेत 3 घायल

यूपी में भूमाफियाओं को न पुलिस का डर है और न ही कार्रवाई का डर है। यहां तक कि सरकारी कर्मचारियों पर हमला करने में भी पीछे नहीं हट रहे हैं। ऐसा ही मामला कौशांबी जिले से सामने आया है। जहां मिट्टी का अवैध खनन रोकने मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के खोजवापुर गांव पहुंची राजस्व टीम पर शनिवार देर रात खनन माफियाओं ने हमला कर दिया। इसमें दो नायब तहसीलदार समेत तीन लोग घायल हो गए। मेडिकल कॉलेज में सभी का इलाज कराया गया। पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। खोजवापुर गांव में शनिवार रात मिट्टी का अवैध खनन किया जा रहा था। कुछ लोग मिट्टी खोदकर ट्रैक्टर से कहीं विक्रय के लिए ले जा रहे थे। ग्रामीणों ने फोन कर इसकी जानकारी एसडीएम मंझनपुर आकाश सिंह को दी तो उन्होंने नायब तहसीलदार ओमप्रकाश, मोबीन अहमद व लेखपाल कुलजीत कुमार को मौके पर भेजा। राजस्व टीम ने कार्रवाई शुरू की तो खनन में शामिल गांव के ही विष्णु कुमार, परमजीत, कुल्लू और श्याम मुरारी ने अभद्रता शुरू कर दी। विरोध करने पर हमला बोल दिया।

# सालभर पटाखा बैन पर फैसला लें : सुप्रीम कोर्ट



- कोई धर्म प्रदूषण फैलाने को बढ़ावा नहीं देता
- दिल्ली सरकार को 25 नवंबर की डेडलाइन

**सोमवार की सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट 3 कमेंट**

1. **साफ हवा में सांस लेना मौलिक अधिकार :** सुनवाई के दौरान बेंच ने कहा कि कोई भी धर्म ऐसी किसी गतिविधि को प्रोत्साहित नहीं करता है, जिससे प्रदूषण फैलता हो। अगर इस तरह से पटाखे जलाए जाते हैं, तो इससे नागरिकों के स्वास्थ्य के मौलिक अधिकार पर भी असर पड़ता है। प्रदूषण मुक्त वातावरण में जीना मौलिक अधिकार है।
2. **दिल्ली पुलिस गंभीर नहीं :** कोर्ट ने पटाखों पर बैन को लागू करने के तरीके पर असंतोष जताया। बेंच ने कहा कि दिल्ली सरकार के 14 अक्टूबर को लगाए गए प्रतिबंध आदेश को पुलिस ने गंभीरता से नहीं लिया। दिल्ली पुलिस को सभी लाइसेंसधारकों को सूचित करना चाहिए था कि वे पटाखों की बिक्री तुरंत बंद कर दें।
3. **बैन लागू करने के लिए थाना प्रभारी जिम्मेदार :** कोर्ट ने कहा दिल्ली पुलिस तुरंत उन संस्थाओं को भी जानकारी दे जो ऑनलाइन पटाखे बेचते हैं। वे राजधानी दिल्ली की सीमाओं के भीतर पटाखों को बेचना बंद कर दें। पुलिस कमिश्नर निश्चित करें कि पटाखों पर बैन पूरे साल लागू करने के लिए सभी लोकल पुलिस स्टेशनों के थाना प्रभारी जिम्मेदार होंगे।

**नई दिल्ली.** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को दिल्ली सरकार से कहा कि दिल्ली में सालभर पटाखा बैन पर 25 नवंबर से पहले फैसला लें। दिल्ली सरकार के वकील ने कोर्ट के सामने कहा था कि हम पटाखा बैन को पूरे साल लागू करने का फैसला सभी संबंधित विभागों से सलाह के बाद लेंगे।

सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस अभय ओक और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की बेंच ने दिल्ली पुलिस से कहा, ₹दिल्ली पुलिस ने प्रतिबंधों को गंभीरता से लागू नहीं किया गया।₹

कोर्ट ने कहा कि दिल्ली पुलिस कमिश्नर को पटाखों पर बैन लगाने के लिए स्पेशल सेल बनाएं। दिल्ली सरकार को निर्देश दिया कि वह 25 नवंबर से पहले पटाखों पर स्थायी प्रतिबंध लगाने का फैसला करे।



# सलमान, शाहरुख के बाद मिथुन को धमकी

- पाकिस्तानी डॉन बोला- पछताना पड़ेगा

**नई दिल्ली.** सलमान खान और शाहरुख खान के बाद अब फिल्म अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती को भी धमकी मिलने लगी है। उन्हें पाकिस्तान के डॉन शहजाद भट्टी ने धमकी दी है और कहा है कि वह 15 दिनों के भीतर माफी मांग लें नहीं तो पछताना पड़ेगा। भट्टी ने दुबई से दो वीडियो जारी किए हैं। इन वीडियो में वह मिथुन चक्रवर्ती को बुरा-भला कहता दिखाई देता है। दूसरे वीडियो में वह मिथुन चक्रवर्ती के बयान को चलाता है और पीछे से डायलॉगबाजी करता है।




दरअसल 27 अक्टूबर को कोलकाता में एक रैली के दौरान गृह मंत्री अमित शाह की मौजूदगी में मिथुन ने कहा था. एक नेता ने कहा था कि यहां की 70 फीसदी आबादी मुसलमान है। हिंदुओं को काटकर भागीरथी में बहा दिया जाएगा। मैं कहता हूं कि हम तुम्हें काटकर नदी में नहीं बहाएंगे लेकिन तुम्हारी जमीन में जरूर गाड़ देंगे।

पाकिस्तानी डॉन ने कहा, यह वीडियो मिथुन चक्रवर्ती के लिए है। कुछ दिन पहले उसने कहा था कि मुसलमानों को काटूंगा और गाड़ दूंगा। मिथुन साहब, आपको मेरा मशविरा है कि 10 से 15 दिनों की भीतर आप इस बकवास के लिए माफी मांग लें नहीं तो पछताना पड़ेगा। भट्टी ने आगे कहा, आपके फैन मुसलमान भी हैं। मुस्लिमों ने आपको इज्जत दी और आपने दिल दुखा दिया। आपकी फ्लॉप फिल्में देखने भी हम जाते थे। आज आप जो कुछ हो इसी की वजह से हो। आप जिस उम्र में हैं उस उम्र में बकवास नहीं चरनी चाहिए, बाद में पछताना पड़ता है।

उसने कहा, यह कोई फिल्म नहीं रियल लाइफ है। स्टेज पर चढ़कर आप बदमाश बन रहे हैं। उसने मिथुन की तस्वीर में जूते का निशान बनाकर दूसरा वीडियो जारी किया। बता दें कि मिथुन चक्रवर्ती के भाषण के बाद उपर दो एफआईआर दर्ज की गई थीं। पहली प्राथमिकी एक व्यक्ति की शिकायत के आधार पर बिधाननगर दक्षिण पुलिस थाने में जबकि दूसरी प्राथमिकी बहूबाजार पुलिस थाने में दर्ज की गई।

# जस्टिस संजीव खन्ना देश के 51वें चीफ जस्टिस बने



- छह महीने का कार्यकाल
- इस दौरान मैरिटल रेप समेत 5 बड़े मामलों की सुनवाई करेंगे

**नई दिल्ली.** जस्टिस संजीव खन्ना देश के 51वें चीफ जस्टिस बन गए हैं। सोमवार को राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उन्हें शपथ दिलाई। चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया डीवाई चंद्रचूड़ 10 नवंबर को रिटायर्ड हो चुके हैं।

गौरतलब है कि जस्टिस खन्ना का कार्यकाल सिर्फ 6 महीने का होगा। 64 साल के जस्टिस खन्ना 13 मई 2025 को रिटायर होंगे। सुप्रीम कोर्ट जज के तौर पर जस्टिस खन्ना ने 65 फैसले लिखे हैं। इस दौरान वे करीब 275 बेंचों का हिस्सा रहे हैं।

जस्टिस संजीव के चाचा जस्टिस हंसराज खन्ना भी सुप्रीम कोर्ट में जज थे। हालांकि, इंदिरा सरकार के इमरजेंसी का विरोध करने पर उन्हें सीनियर होने के बावजूद चीफ जस्टिस नहीं बनाया गया।

उनकी जगह जस्टिस एमएच बेग को CJI बना दिया गया। जस्टिस हंसराज ने इसका विरोध करते हुए सुप्रीम कोर्ट जज से इस्तीफा दे दिया था।


**पिता दिल्ली हाईकोर्ट, चाचा सुप्रीम कोर्ट के जज थे**

संजीव खन्ना की विरासत वकालत की रही है। उनके पिता देवराज खन्ना दिल्ली हाईकोर्ट के जज रहे हैं। वहीं चाचा हंसराज खन्ना सुप्रीम कोर्ट के मशहूर जज थे। उन्होंने इंदिरा सरकार के इमरजेंसी लगाने का विरोध किया था। साथ ही राजनीतिक विरोधियों को बिना सुनवाई जेल में डालने पर भी नाराजगी जताई थी।

# खालिस्तानी आतंकी पन्नू की राम मंदिर उड़ाने की धमकी

- वीडियो में कहा- अयोध्या में हिंसा होगी
- हिंदुत्ववादी विचारधारा की नींव हिला देंगे

**कनाडा.** खालिस्तानी आतंकी और सिख फॉर जस्टिस (SFJ) के चीफ गुरपतवंत सिंह पन्नू ने नया वीडियो जारी कर अयोध्या में राम मंदिर को बम से उड़ाने की धमकी दी है। मीडिया रिपोर्ट्स में इसका दावा किया गया है। वीडियो में वह राम मंदिर को निशाना बनाने की बात कह रहा है।



साथ ही पन्नू ने कनाडा में भारतीय मूल के हिंदू सांसद चंद्र आर्य को भी धमकी दी है। पन्नू ने वीडियो जारी कर कहा कि 16 और 17 नवंबर को अयोध्या के राम मंदिर में हिंसा होगी।

आतंकी पन्नू ने वीडियो में यह भी कहा कि हम हिंदुत्ववादी विचारधारा की जन्मस्थली अयोध्या की नींव हिला देंगे। वीडियो में पन्नू ने देश के कई हिंदू मंदिरों की तस्वीरें शामिल की हैं, जिनमें अयोध्या का राम मंदिर भी है। इस वीडियो को एक बड़े खतरे के तौर पर देखा जा रहा है।

**कनाडा के प्रति ईमानदार रहो या देश छोड़ दो**

आतंकी पन्नू ने वीडियों में कहा– भारतीय मूल के कई कनाडाई PM मोदी की विचारधारा पर चलते हैं। साथ ही कनाडाई सांसद चंद्र आर्या हिंदू आतंकवाद का चेहरा हैं। आप कनाडा के प्रति ईमानदार रहो या फिर कनाडा की धरती छोड़ दो। कनाडाई पीएम जस्टिन ट्रूडो और कनाडा पुलिस (RCMP) पहले ही कह चुकी है कि प्रो खालिस्तानी सिख नेता हरदीप सिंह निज्जर की हत्या भारत ने करवाई है। इसमें भारतीय डिप्लोमेट्स का हाथ था।

# 30 दिन के लिए जेल से बाहर आया आसाराम

- आयुर्वेदिक अस्पताल में इलाज कराएगा;
- 11 साल में दूसरी बार पैरोल मिली



**जोधपुर.** रेप केस में आजीवन कारावास की सजा काट रहा आसाराम जेल से बाहर आ गया है। जोधपुर हाईकोर्ट ने 7 नवंबर को आसाराम को इलाज के लिए 30 दिन की पैरोल दी थी। वह जोधपुर के भगत की कोठी स्थित निजी आयुर्वेदिक अस्पताल में अपना इलाज करवाएगा। उसे रविवार रात एम्बुलेंस के जरिए लाया गया और अस्पताल में भर्ती करवाया। इस दौरान आसाराम को देखने के लिए अस्पताल के बाहर उसके समर्थकों की भीड़ जुट गई।

हाईकोर्ट के वरिष्ठ न्यायाधीश दिनेश मेहता और न्यायाधीश विनीत कुमार माथुर की खंडपीठ ने आसाराम के इलाज के लिए अनुमति देने के आवेदन पर आदेश दिए थे। उसे 11 साल में दूसरी बार इलाज के लिए पैरोल मिली है। इससे पहले उसे अगस्त में 7 दिन की पैरोल मिली थी।

**अनिश्चितकालीन छुट्टी मांगी थी**

आसाराम की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता आरएस सलूजा और यशपाल राजपुरोहित ने पैरवी करते हुए इलाज की अनुमति के लिए आवेदन पेश किया था। आसाराम के वकीलों ने जब तक अस्पताल से डॉक्टर छुट्टी नहीं दे देता, तब तक अनिश्चितकालीन अवधि तक इलाज की अनुमति मांगी थी। सरकारी वकील अतिरिक्त महाधिवक्ता दीपक चौधरी ने 30 दिन की अनुमति की दलील दी। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद हाईकोर्ट ने आसाराम को 30 दिन इलाज के लिए पैरोल दी। इससे पहले 13 अगस्त को हाईकोर्ट ने 7 दिन की पैरोल दी थी। वह इलाज के लिए 11 वर्ष में पहली बार पैरोल पर आया था। तब आसाराम ने महाराष्ट्र के माधोबाग आयुर्वेदिक अस्पताल में इलाज करवाया था। उसके बाद आसाराम को फिर से जोधपुर की सेंट्रल जेल लाया गया था।

### वडोदरा की IOCL रिफाइनरी में विस्फोट के बाद भीषण आग

**वडोदरा.** गुजरात के वडोदरा के कोयली इलाके में सोमवार को इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन (IOCL) की रिफाइनरी में विस्फोट के बाद भीषण आग लग गई। आग से उठते धुएं का गुबार कई किलोमीटर दूर से देखा गया। धमाके के बाद रिफाइनरी में मौजूद कर्मचारियों को बाहर निकाल लिया गया।

गुजरात के वडोदरा में इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन (IOCL) की रिफाइनरी में विस्फोट के बाद भीषण आग लग गई। डीसीपी ट्रैफिक ज्योति पटेल ने कहा कि बचाव अभियान जारी है। अभी तक किसी की मौत या गंभीर चोट की कोई रिपोर्ट नहीं है।

# जज को हथियारबंद बदमाशों ने घेरा

- पुलिस चौकी पर रुककर जान बचाई
- गैंगस्टर सुंदर भाटी पर शक
- उसे उम्रकैद की सजा सुनाई थी

**अलीगढ़.** कुख्यात गैंगस्टर सुंदर भाटी को उम्रकैद की सजा सुनाने वाले जज को अलीगढ़ में हाईवे पर बदमाशों ने घेर लिया। असलहों से लैस बोलेरो सवार 5 बदमाशों ने जज की कार रोकने की कोशिश की। फर्रुखाबाद में विशेष न्यायाधीश अनिल कुमार का बदमाशों ने काफी दूर तक पीछा किया। जज अनिल कुमार ने बचकर निकलने की कोशिश की तो बदमाशों ने कई बार असलहा दिखाकर उन्हें धमकी दी। इसी बीच, जज ने अलीगढ़ की सोफा पुलिस चौकी पर रुक कर खुद को बचाया। पुलिस देखकर बदमाश वहां से भाग गए। घटना 29 अक्टूबर की शाम 8 बजे के आसपास की है। जज ने 30 अक्टूबर को खैर थाने में घटना की एप्लीकेशन दी। पुलिस ने जांच के बाद 9 नवंबर को FIR दर्ज की। इसके बाद पूरा मामला सामने आया है। सुंदर भाटी हाईकोर्ट से जमानत मिलने के बाद 23 अक्टूबर को सोनभद्र जेल से रिहा हुआ। इसके 6 दिन बाद 29 अक्टूबर को जज का पीछा किए जाने की घटना हुई।




इस मामले में SSP संजीव सुमन ने कहा- जज ने घटना वाली रात में सूचना दी थी। उस वक्त सिर्फ अंदेशा जताया था कि कुछ लोगों ने गाड़ी रोकने की कोशिश की। उस समय तहरीर नहीं दी थी। अब उन्होंने तहरीर दी है। इसमें हमले का अंदेशा जताया है। बोलेरो का नंबर भी अधूरा है, जिसकी वजह से वह ट्रेस नहीं हो पा रही है।

# दूसरे टी-20 में 3 विकेट से हारा भारत

साउथ अफ्रीका ने दूसरे टी-20 इंटरनेशनल में भारत को 3 विकेट से हरा दिया। टीम इंडिया ने टॉस गंवाकर पहले बैटिंग करते हुए 20 ओवर में 6 विकेट पर 124 रन बनाए। साउथ अफ्रीका ने 125 रन का टारगेट 19 ओवर में 7 विकेट खोकर हासिल कर लिया। ट्रिस्टन स्टब्स ने नाबाद 47 रन की पारी खेली। वे इस लो-स्कोरिंग मुकाबले के टॉप रन स्कोरर रहे।

एक समय अफ्रीकी टीम 86 रन के स्कोर पर 7 विकेट गंवाकर स्ट्रगल कर रही थी। पिच से स्पिनर्स को मदद मिल रही थी और वरुण चक्रवर्ती ने 5 विकेट ले चुके थे। इसके बावजूद कप्तान सूर्यकुमार यादव ने डेथ ओवर्स तेज गेंदबाजों से बॉलिंग कराने का फैसला लिया। यह फैसला टीम पर भारी पड़ गया और स्टब्स और जेरार्ड कूत्जी (9 बॉल पर 19 रन) ने 8वें विकेट के लिए 20 बॉल पर 42 रन की नाबाद साझेदारी कर डाली। यहां भारतीय स्पिनर अक्षर पटेल के तीन ओवर बाकी रह गए।




**स्टब्स की पारी ने भारत से छीना मैच**

125 रन का टारगेट चेज कर रही साउथ अफ्रीका ने संभलकर शुरुआत की। टीम ने 5 ओवर के बाद 32 रन के स्कोर पर एक ही विकेट गंवाया था। यहां से वरुण चक्रवर्ती ने 5 विकेट लिए और साउथ अफ्रीका को बैकफुट पर भेज दिया। यहां मेजबान टीम का स्कोर 66/6 हो गया। लेकिन, नंबर-4 पर बैटिंग करने उतरे ट्रिस्टन स्टब्स एक एंड पर खड़े हो गए, वे आखिर तक टिके रहे और 47 रन बनाकर टीम को जीत दिला दी। इस प्रदर्शन के लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच का अवॉर्ड मिला।

# RSS चीफ बोले- तीसरे विश्वयुद्ध की आशंका बनी


**दुनिया शांति के लिए भारत की ओर देख रही, पर कुछ लोग अड़ंगा डाल रहे**

**नई दिल्ली.** संघ प्रमुख मोहन भागवत ने कहा कि दुनिया में तीसरे विश्वयुद्ध की आशंका बनी हुई है। उन्होंने कहा कि इस वक्त दुनिया शांति के लिए भारत की ओर देख रही है, लेकिन कुछ लोग अड़ंगा डाल रहे हैं। संघ प्रमुख ने एक बार फिर कहा कि भारत विश्वगुरु बनने की ओर बढ़ रहा है। भागवत, मध्य प्रदेश के जबलपुर में संघ की नेत्री डॉक्टर उर्मिला जामदार की याद में हुए एक प्रोग्राम में बोल रहे थे।

- 4 मुद्दों पर मोहन भागवत का बयान

**1. तीसरा विश्वयुद्धः** संघ प्रमुख ने कहा कि यूक्रेन-रूस और इजराइल-हमास युद्ध के बीच तीसरे विश्वयुद्ध की छाया पनप रही है। अभी यह नहीं साफ हो पा रहा है कि यह कहां से शुरू होगा, इजराइल से या फिर यूक्रेन से।

**2. विज्ञान और हथियारः** भागवत बोले कि दुनिया में विज्ञान ने बहुत तरक्की कर ली है, लेकिन इसके फायदे अभी दुनिया के गरीबों तक नहीं पहुंच रहे हैं, लेकिन दुनिया को तबाह करने वाले हथियार हर जगह पहुंच जा रहे हैं। कुछ बीमारियों के लिए दवाएं भले ही ग्रामीण इलाकों तक न पहुंची हों, लेकिन कट्टा यहां पहुंच जाता है।



**3. पर्यावरणः** संघ प्रमुख ने पर्यावरण पर भी चिंता जताई। उन्होंने कहा कि पर्यावरण ऐसी स्थिति में पहुंच गया है, जहां वह बीमारियों की वजह बन रहा है।

**4. सनातन धर्म और हिंदुत्वः** भागवत ने कहा कि मानवता की सेवा करना ही सनातन धर्म है और यही हिंदुत्व में भी होता है। हिंदुत्व में दुनिया को रास्ता दिखाने का सामर्थ्य है। भारतीय ग्रंथों में लिखे जाने से बहुत पहले ही हिंदु शब्द अस्तित्व में आ गया था। जनता के बीच पहली बार इसका इस्तेमाल गुरु नानक देव जी ने किया था।

# कुकी उग्रवादियों और सुरक्षा बलों में एनकाउंटर, 11 ढेर

- एक जवान भी घायल

**इंफाल.** मणिपुर से एक बार फिर हिंसा की खबर आई। जिरीबाम जिले में सुरक्षाबलों और कुकी उग्रवादियों के बीच मुठभेड़ हो गई, जिससे इलाके में तनाव फैल गया। सुरक्षा बलों ने कम से कम 11 कुकी उग्रवादियों को ढेर कर दिया। वहीं, उग्रवादियों के हमले में एक जवान भी घायल हुआ है। इलाके में तनाव को देखते हुए चप्पे-चप्पे पर सुरक्षाबलों की मुस्तैदी बढ़ा दी है।

जानकारी के अनुसार, पहले उग्रवादियों ने सीआरपीएफ कैंप पर हमला कर दिया था। जिसके बाद दोनों ओर से मुठभेड़ शुरू हो गई। अचानक हुए इस हमले में एक जवान भी घायल हुआ है। जवान को एयरलिफ्ट कर अस्पताल ले जाया गया है।

**आम सूचना**

हम श्रीमती गोमतीदेवी हिराराम चौधरी व श्री हर्षन हिराराम चौधरी सभी को सूचित कर रहे हैं कि राज पैथोलॉजी लैबोरेट्री, लाल चक्की रोड, वीर सावरकर रोड, उल्हासनगर-4. (टैक्स नं. 40सीओ013355700) उक्त प्रॉपर्टी श्रीमती मिनाक्षी सुरेश मेलकुंदे व श्री सुरेश रि मेलकुंदे के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 7.10.2024 द्वारा हमने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद हम अपने नाम करवाना चाहते हैं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
श्रीमती गोमतीदेवी हिराराम चौधरी
व श्रीमती मिनाक्षी सुरेश मेलकुंदे

**आम सूचना**

मैं श्री भावेश वाशदेव राजपाल सभी को सूचित कर रहा हूं कि हाफ 50% पोर्शन, शॉप नं. 52, ग्राउंड फ्लोर, इल्को शॉपिंग सेंटर, उल्हासनगर-2. (टैक्स नं. 22बीआय016766200(पार्ट) उक्त प्रॉपर्टी श्री वाशदेव भजनलाल राजपाल के नाम पर है। उन्होंने गिफ्ट एग्रीमेंट दि. 8.10.2024 द्वारा मुझे दी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
श्री भावेश वाशदेव राजपाल

**आम सूचना**

मैं श्री सुजित प्रकाश खानोलकर सभी को सूचित कर रहा हूं कि बैरक नं. 1317 के सामने, धोबीघाट, मराठा सेक्शन-32, उल्हासनगर-4. (टैक्स नं. 42सीआय009495600) उक्त प्रॉपर्टी श्री साहेबराव शिवराम वालुंज के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 5.10.2024 द्वारा मैंने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
श्री सुजित प्रकाश खानोलकर

**आम सूचना**

मैं श्री ज्ञानचंद्रा सभी को सूचित कर रहा हूं कि रुम नं. 30 चाल नं. 12, आकाश कालोनी, उल्हासनगर-5. (टैक्स नं. 55डीआय013538900) उक्त प्रॉपर्टी श्री राजू मंगल वालंज व श्रीमती ममता राजू वालंज के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 28.10.2024 द्वारा मैंने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
श्री ज्ञानचंद्रा

## संक्षेप...

### ट्रैक पर लोहे की छड़ों से भरा एक बोरा फेंकने के आरोप 3 गिरफ्तार


**मुंबई.** पश्चिमी उपनगरों में रेलवे ट्रैक पर लोहे की छड़ों से भरा एक बोरा फेंकने के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया. जांचकर्ताओं द्वारा पालघर और मीरा रोड के बीच सीसीटीवी फुटेज की समीक्षा करने के बाद यह सफलता मिली। यह घटना 6 नवंबर को हुई, जब भायंदर रेलवे स्टेशन के स्टेशन मास्टर को एक तत्काल अलर्ट मिला। चर्चगेट जाने वाली लोकल ट्रेन चलाने वाले एक मोटरमैन ने पटरियों पर एक संदिग्ध बोरा देखा और ट्रेन को रोक दिया, जिससे एक गंभीर दुर्घटना होने से बच गई।

# चुनाव ड्यूटी से इंकार करने वाले कर्मचारियों पर होगी कार्रवाई

### ■ जिलाधिकारी अशोक शिनगारे ने दी चेतावनी

ठाणे. ठाणे जिले में विधानसभा चुनाव को लेकर तैयारी पूरी हो गयी है. जिले के 18 विधानसभा सीटों के 72 लाख 29 हजार 339 मतदाता 20 नवंबर को मतदान करेंगे. मतदान प्रक्रिया को संपन्न कराने के लिए विभिन्न सरकारी और अर्ध-सरकारी संस्थानों के अधिकारियों और कर्मचारियों को नियुक्त किया गया है. लेकिन बहुत से अधिकारी एवं कर्मचारी चुनाव के काम से बचना चाह रहे हैं. जिसको लेकर जिलाधिकारी एवं जिला चुनाव अधिकारी अशोक शिनगारे ने चेतावनी देते हुए कहा है कि पांच साल में एक बार होने वाले चुनावों में इस राष्ट्रीय कर्तव्य से इनकार करने वाले कर्मचारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी.

भारत निर्वाचन आयोग ने महाराष्ट्र विधानसभा आम चुनाव 2024 का कार्यक्रम घोषित किया है. जिसके तहत ठाणे जिले के 18 विधानसभा क्षेत्रों में 20 नवंबर को मतदान कराया जाएगा और वोटों की गिनती 23 नवंबर को की जाएगी. ठाणे जिले में कुल 6 हजार 955 मतदान केंद्र हैं जहां 72 लाख 29 हजार




339 मतदाता अपने अधिकार का उपयोग करेंगे. मतदान प्रक्रिया पूरा करने के लिए 7 हजार 717 मतदान केंद्र अध्यक्ष, 7 हजार 717 मतदान अधिकारी और 15 हजार 434 अन्य मतदान अधिकारी जैसे कुल 30 हजार 868 कर्मचारी नियुक्त किए गए हैं. इन कर्मचारियों की पहली ट्रेनिंग भी पूरी हो चुकी है लेकिन देखने में आ रहा है कि बहुत से कर्मचारी उन्हें मिले चुनाव ड्यूटी के आदेश को निरस्त कराने के लिए जिलाधिकारी कार्यालय का चक्कर लगा रहे हैं. देखा जा रहा है कि कई लोग बड़े पैमाने पर विभिन्न क्षेत्रों के लोगों की सिफारिशें और बीमारी का प्रमाणपत्र भी लेकर आ रहे हैं. प्रशासन ने उन लोगों के लिए ड्यूटी से छूट देने की भूमिका निभाई है जिन्हें वास्तविक स्वास्थ्य समस्याएं हैं.

जिला चुनाव निर्णय अधिकारी अशोक शिनगारे ने कहा है कि चुनाव प्रक्रिया को पूरा करने के लिए मनुष्य बल की तत्काल आवश्यकता है और कर्मचारियों से इस तरह के व्यवहार की उम्मीद नहीं की जाती सकती है. चुनाव कार्य एक राष्ट्रीय कर्तव्य है और इसलिए चुनाव के लिए प्राप्त आदेशों को अस्वीकार करने, चुनाव प्रशिक्षण से अनुपस्थित रहने या चुनाव कार्य में गड़बड़ी करने वाले कर्मचारियों के खिलाफ लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 134 के अनुसार सीधी कार्रवाई की जाएगी.

जिला चुनाव अधिकारी कार्यालय से मिली जानकारी के मुताबिक 29 अक्टूबर 2024 को जिले की 18 विधानसभा क्षेत्रों में कुल 72 लाख 29 हजार 339 मतदाता पंजीकृत किये गए थे. इसमें पुरुष मतदाताओं की संख्या 38 लाख 45 हजार 42, महिला मतदाताओं की संख्या 33 लाख 82 हजार 882 एवं 1 हजार 415 तृतीय पंथी मतदाता हैं. जिले में 1 हजार 603 मतदाता हैं साथ ही 18 से 19 वर्ष आयु वर्ग के 1 लाख 72 हजार 981 मतदाता हैं जबकि 85 वर्ष से अधिक उम्र के मतदाताओं की संख्या 56 हजार 976 है.

# महायुति के आते ही बनेगा धर्मांतरण के खिलाफ कानून

### ■ अमित शाह का वादा

**मुंबई.** भारतीय जनता पार्टी ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए रविवार को अपना घोषणापत्र जारी किया, जिसमें कड़े प्रावधानों के साथ धर्मांतरण रोधी कानून बनाने का वादा किया। साथ ही उद्योग की जरूरतों के अनुसार प्रशिक्षण के लिए एक कौशल जनगणना के साथ-साथ निम्न आय वाले परिवारों को मुफ्त राशन देने का भरोसा भी दिया गया है।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने यह भी वादा किया है कि राज्य में कहीं भी धर्म के आधार पर शिक्षा और रोजगार में आरक्षण नहीं होगा। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, धर्मांतरण विरोधी कानून को लेकर उन्होंने कहा, '...महायुति की सरकार बनने के बाद एक समिति गठित की जाएगी, जो सभी हितधारकों से चर्चा करेगी। ये समिति इतने कड़े कानून बनाएगी ताकि धर्म परिवर्तन न हो सके।'

शाह ने मुंबई में 25 सूत्री 'संकल्प पत्र 2024' जारी किया, जिसके अनुसार महायुति सरकार



की लाडकी बहिन योजना के तहत महिलाओं के लिए वित्तीय सहायता 1,500 रुपये प्रति माह से बढ़ाकर 2,100 रुपये की जाएगी।

भाजपा के घोषणापत्र में वादा किया गया है कि जबरन और धोखे से धर्मांतरण के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के लिए एक धर्मांतरण रोधी कानून बनाया जाएगा। कौशल जनगणना के माध्यम से, सत्तारूढ़ पार्टी ने उद्योग की जरूरतों का पता लगाने और जहां भी आवश्यक हो, कौशल प्रशिक्षण को उन्नत करने का आश्वासन दिया।

घोषणापत्र के अनुसार, अक्षय अन्न योजना के तहत, कम आय वाले परिवारों को सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) के माध्यम से हर महीने मुफ्त खाद्य सामग्री उपलब्ध कराई जाएगी।

भाजपा ने राज्य को एक उन्नत रोबोटिक और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) प्रशिक्षण केंद्र के रूप में विकसित करने की भी योजना बनाई है। इसने प्रत्येक जिले में छत्रपति शिवाजी महाराज आकांक्षा केंद्रों के माध्यम से 10 लाख नए उद्यमी तैयार करने का वादा भी किया।

### मतदान शांतिपूर्ण व निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराने के लिए

# जिला चुनाव अधिकारी ने राजनीतिक दलों के उम्मीदवारों के साथ की बैठक

**ठाणे.** विधानसभा चुनाव का 20 नवंबर को मतदान कराया जाएगा।मतदान करवाने के लिए अब तक की गई चुनाव की तैयारी व चुनाव प्रक्रिया की जानकारी देने के लिए सभी राजनीतिक दलों के उम्मीदवारों के साथ में जिलाधिकारी व जिला चुनाव अधिकारी अशोक शिनगारे के अध्यक्षता में बैठक को आयोजित किया गया।जिला चुनाव अधिकारी शिनगारे ने कहा कि 20 नवंबर को मतदान केंद्रों पर चुनाव निष्पक्ष व शांतिपूर्ण तरीके से होने के लिए सभी राजनीतिक दलों के उपस्थित उम्मीदवारों से सहयोग करने के लिए आवाहन किया।इस अवसर पर निवासी उपजिलाधिकारी डॉ.संदीप माने, उप जिला चुनाव अधिकारी वैशाली माने,उपजिलाधिकारी हरिश्चंद्र पाटील,आचारसंहिता कक्ष सहायक समन्वय अधिकारी सुकेशिनी पगारे



व विविध राजनीतिक दलों के प्रतिनिधी उपस्थित थे।इस बैठक में जिलें की 18 विधानसभा चुनाव क्षेत्र में 85 साल उम्र व दिव्यांग मतदाताओं के लिए गृहमतदान की चल रही व्यवस्था की जानकारी दी गई।11 से 15 नवंबर तक 18 विधानसभा चुनाव क्षेत्रों में EVM Commissioning का काम चुनाव निरीक्षक के उपस्थिति में चल रहा है वहां पर उम्मीदवार या उनके प्रतिनिधि उपस्थित होकर सभी प्रक्रिया का निरीक्षण करें।ईवीएम मशीन को मतदान केंद्रों पर लगाने व निकालने के साथ ही सुरक्षा कक्ष में सील करते समय उम्मीदवार या उनके प्रतिनिधि उपस्थित होकर निरीक्षण करें।मतदान के शुरआत में मॉक पोल सुबह 6.00 बजे शुरू होगा, जिस समय उम्मीदवार,चुनाव एजेंट,मतदान एजेंट उपस्थिति प्रक्रिया का निरीक्षण कर सकते हैं और साथ ही मुहरों का भी निरीक्षण कर सकते हैं।मतदान प्रक्रिया पूरी होने के बाद, पोलिंग एजेंट को 17सी भाग-1 की एक प्रति दी जाएगी, जिसमें मतदान एजेंटों द्वारा प्राप्त मशीन नंबर, 17सी भाग-1 का उल्लेख होगा और उम्मीदवारों या उनके प्रतिनिधियों द्वारा गणना एजेंट को जमा किया जाएगा।

# एयरपोर्ट पर सोने की स्मलिंग के आरोप में स्टाफ मेंबर गिरफ्तार



**मुंबई:** एयरपोर्ट पर सोने की तस्करी से जुड़ी काफी खबरें सामने आती रहती हैं। कोई पेट में छिपाकर सोना लाता है तो कोई शरीर के दूसरे हिस्से में छिपाकर। जब भी तस्कर पकड़े जाते हैं, वे ज्यादातार यात्री ही होते हैं। ऐसे यात्री जो सोने की तस्करी करके लाते हैं। लेकिन क्या होगा कि तस्करी को अंजाम एयरपोर्ट के स्टाफ की ओर से दिया जाए। वह भी बिना कोई सफर किए।

ऐसा ही मामला मुंबई एयरपोर्ट पर सामने आया है। यहां के छत्रपति शिवाजी महाराज इंटरनेशनल एयरपोर्ट से स्टाफ के दो सदस्यों को राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) ने गिरफ्तार किया है। इन पर सोने की तस्करी का आरोप है। सबसे खास बात यह है कि इन्होंने यह तस्करी बिना किसी सफर के की। इन दो सदस्यों में एक महिला है। महिला से 3 किलो से ज्यादा सोना बरामद हुआ है। इसकी बाजार में कीमत ढाई करोड़ रुपये से ज्यादा है। जिन दो सदस्यों को गिरफ्तार किया है, उनमें एक ग्राउंड हैंडलिंग स्टाफ मेंबर है। वहीं दूसरी आरोपी महिला है। यह एयरपोर्ट पर कस्टमर केयर एग्जीक्यूटिव है। डीआरआई अधिकारियों को जानकारी मिली थी कि एयरपोर्ट पर सोने की तस्करी होनी है। अधिकारियों ने सोने की तस्करी में शामिल होने के संदेह में एक महिला कर्मचारी को एयरपोर्ट के एग्जिट गेट पर रोका। यह महिला सेलेबी एनएएस एयरपोर्ट सर्विसेज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड की कर्मचारी है।

### पेस्ट के रूप में मिला सोना

जब उस महिला की तलाशी ली गई तो उसके पास से पेस्ट के रूप में 3350 ग्राम (3.35 किलो) सोने से भरे दो पैकेट बरामद हुए। इनकी कीमत करीब 2.67 करोड़ रुपये है। इस सोने को सीमा शुल्क अधिनियम, 1962 के तहत जब्त कर लिया है। दोनों व्यक्तियों को गिरफ्तार कर लिया गया है और आगे की जांच जारी है।

### तस्करी के लिए अपनाया यह तरीका

महिला से पूछताछ हुई तो उसने तस्करी का जो तरीका बताया, उसे जानकर आप चौंक जाएंगे। महिला ने बताया कि इस तस्करी में एयरपोर्ट पर काम करने वाला एक ग्राउंड हैंडलिंग स्टाफ मेंबर भी शामिल है। उसने इस सोने को फ्लाइट संख्या EY200 पर एक कचरा गाड़ी से निकाला था। इसके बाद उसने उसे उस महिला को दे दिया। फिर महिला ने अपनी एयरोड्रोम एंट्री परमिट का इस्तेमाल करके इसे एयरपोर्ट से बाहर तस्करी करने का प्रयास किया। लेकिन जांच में पकड़ी गई। शुरुआती जांच के मुताबिक इन दोनों ने किसी विशेष सिंडिकेट के लिए तस्करी के काम में मदद की। हालांकि पूरे मामले की जानकारी आगे की जांच में ही पता लगेगी।

# केंद्रीय विद्यालय में राष्ट्रीय शिक्षा दिवस का भव्य आयोजन

**ठाणे.** राष्ट्रीय शिक्षा दिवस पर 11 नवंबर को पी एम श्री केंद्रीय विद्यालय वायुसेना स्थल में राष्ट्रीय शिक्षा दिवस धूमधाम से मनाया गया। यह दिन भारत के पूर्व राष्ट्रपति, शिक्षाविद् व भारत में शिक्षा के क्षेत्र में अहम योगदान देने वाले मौलाना अब्दुल कलाम आजाद की जयंती के रूप में मनाया जाता है। इस अवसर पर विद्यालय में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया।इस कार्यक्रम की शुरुआत प्रार्थना से शुरू हुआ और कार्यक्रम में सुविचार और विशेष कार्यक्रम आदि प्रस्तुत किए गए।विद्यार्थियों ने अपने भाषण के माध्यम से मौलाना अब्दुल कलाम आजाद के योगदान को रेखांकित किया।विद्यालय के प्रधानाचार्य वेद प्रकाश गौतम ने अपने प्रेरणादायक शब्दों के माध्यम से शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला।

# भिवंडी का सर्वांगीण विकास ही प्राथमिकता

**भिवंडी.** भिवंडी विधानसभा का चुनाव प्रचार चरम पर पहुंचने लगा है. जहां अन्य उम्मीदवार एक दूसरे की कमियां गिनाने में जुटे हैं वहीं भिवंडी पश्चिम सीट से निर्दलीय उम्मीदवार विलास आर पाटिल का मानना है कि,मेरी एकमेव प्राथमिकता केवल शहर के सर्वांगीण विकास की है.उन्होंने नजराना कंपाउंड स्थित श्रीस्वामी नारायण मंदिर कम्युनिटी हॉल में अपना वचननामा पेश करते हुए मतदाताओं से अपील किया कि, भिवंडी के विकास के लिए मुझे वोट दें. उक्त अवसर पर पूर्व महापौर प्रतिभा पाटिल, उद्योगपति हाजी निसार मास्टर, भंवरलाल पलरिचा, श्रीधर कोठारी, डा.सुकन जैन, गणपत शराफ़, अशोक भंडारी, अनिल केसरीमल जैन, दिलीप कोठारी,रीटा कोठारी समेत हर समुदाय के लोग जमा थे.




गौरतलब है कि, भिवंडी शहर का नगराध्यक्ष बनने के बाद भिवंडी मनपा महापौर बनने वाले विलास आर पाटील की पत्नी प्रतिभा विलास पाटील भी 2 बार महापौर चुनी जा चुकी हैं. समूचे राजनीतिक जीवन में विकास को प्राथमिकता देने वाले निर्दलीय उम्मीदवार विलास पाटिल को हिन्दू, मुस्लिम, जैन समाज, मारवाड़ी, कोंकणी, महेश्वरी समाज और उत्तर भारतीय, पद्मशाली तेलगू, दलित समाज का भारी समर्थन मिलता दिखाई पड़ रहा है. वचननामा विमोचन के दौरान हर समाज कम्युनिटी हॉल में मौजूद था.उद्योगपति हाजी निसार मास्टर जैसे मुस्लिम समाज के अगुवा ने कहा कि, भिवंडी में विलास पाटिल ही विकास लाएंगे. भिवंडी मनपा में उनके पिछले 30 सालों के विकासशील कामों को देखते हुए ही भिवंडी की जनता में उन्हें जिताने की ललक पैदा हुई है.भिवंडी पश्चिम विधानसभा सीट अंतर्गत मनपा नगरसेवकों का एक बड़ा तबका उनके प्रगतिशील कार्यों के चलते उनका खुला समर्थन कर प्रचार में जुटा है.

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है की मुंबई उच्च न्यायलय में रिट पिटिशन न. 2272/2024 मे दाखील की गई कनसेंट टर्म के नुसार मेरे मोव्वकील, जमीन मलिक श्री धीरुमल पहिलाजराय करनानी, श्री विकी धीरूमल करनानी, श्रीमती पूजा विकी करनानी, श्री हासो धीरूमल करनानी. कि नीचे लिखी हुवी जमीन / संपत्ती खारीद ने के लिए इच्छुक है। ईसी प्रॉपर्टि के कुछ हिस्से पर श्री नेवंदराम आईलदस करीरा ने आपणा अधिकार दिखाया हे (कल्याण दिवाणी न्यायालय में केस नं. 93/2024 पेंडिंग है) नीचे लिखि हुई संपत्ति के बारे मे यदि किसी व्यक्ति का कथेत जमीन / संपती या उनके किसी भाग पर कोई अधिकार, हक, दावा, अधिभार किसी भी प्रकार का प्रभार है तो वह अपनी आपत्ती, सूचना के प्रकाशन के तिथि से 14 दिनो के भितर दस्तावेज प्रमाण के साथ नीचे दिये गये पते पर भेजे और ऐसा नही करने पर यह माना जायेगा के कथेत संपत्ती किसी भी दावे, हित, प्रभार, वाद आदी से मुक्त है।

### संपत्ती का विवरण

मौजे उल्हासनगर, फर्निचर बाजार उल्हासनगर- 3 जिल्हा ठाणे, उल्हासनगर मुन्सिपल कॉर्पोरेशन, और मे. दुय्यम निबंधक उल्हासनगर इनके क्षेत्र में स्थित, यू नंबर 7, शिट नंबर 48, प्लॉट नंबर 9 और 14, सेक्शन ६-ए, के पोर्शन पे बना हुआ, शॉप नंबर 1016, एरिया 222 स्क्वेअर यार्ड, उल्हासनगर मुन्सिपल कॉर्पोरेशन वार्ड नंबर 28 उल्हासनगर मुन्सिपल कॉर्पोरेशन प्रॉपर्टी नंबर. 28BI004943900

स्थान - उल्हासनगर
दिनांक - 11/11/2024

सही/-
(**श्री राजेंद्र शंकर पालवे**) वकील
पत्र व्यवहारा का पत्ता - ऋषी प्रसाद, ब्लॉक सी- 45, रूम क्र. 165 शिव कॉलोनी, उल्हासनगर - 3 जिल्हा ठाणे मोबाईल क्र. 9821070735

# कार में हमेशा हॉकी स्टिक रखता था -अजय देवगन



### ■ कई लोगों के साथ मारपीट भी हुई

सिंघम अगेन फिल्म 1 नवंबर को रिलीज हुई है, जिसमें बॉलीवुड के कई बड़े सितारों ने कैमियो किया है। इसी बीच, एक इंटरव्यू में रोहित शेट्टी और अजय देवगन ने अपने पुराने दिनों को याद किया। अजय देवगन ने कहा कि एक समय ऐसा था जब उन्हें बहुत गुस्सा आता था, लेकिन अब वह शांत हो गए हैं। वहीं, रोहित शेट्टी ने पहले की फिल्मों के हीरो के एक्शन सीन और अब की फिल्मों में एक्शन सीन के अंतर पर बात की।

अजय देवगन ने स्वीकार किया कि पहले वह लड़ाई के दौरान हॉकी स्टिक का इस्तेमाल करते थे। इस दौरान रोहित शेट्टी ने बताया कि अजय अपनी कार में हमेशा हॉकी स्टिक रखते थे। अजय देवगन ने कहा, 'हां, पहले मेरी गाड़ी में हॉकी स्टिक हुआ करती थी। लेकिन अब मैं शांत हो गया हूं। अब मैं लड़ाई नहीं करता। मुझे लगता है कि यह समय की बर्बादी है और इससे सामने वाले को ही चोट पहुंचेगी, इसलिए अब मैं लड़ाई से बचता हूं।'

रोहित शेट्टी ने कहा, 'एक समय ऐसा भी था जब अजय किसी को मारने के लिए जा रहे थे और उनके पीछे एक कार आकर उन्हें रोकने की कोशिश कर रही थी। उस वक्त मुंबई में अफरा-तफरी का माहौल बना हुआ था। हालांकि, हमारे पास कोई हथियार नहीं होते थे, बस सोडा की बोतल होती थी।'

एक्शन फिल्मों को लेकर अजय देवगन ने कहा, 'पहले की एक्शन फिल्मों और अब की फिल्मों में बड़ा अंतर है। अब टेक्नोलॉजी का काफी इस्तेमाल होता है। हमारी पीढ़ी में जैसे जैकी श्रॉफ से लेकर अमिताभ बच्चन तक, जब एक्शन सीन करते थे, तो वास्तव में मर्दाना ताकत और व्यक्तित्व झलकता था, जो आजकल देखने को नहीं मिलता।'

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 14 नवंबर को बड़ी सभा

### ■ तैयारियां युद्धस्तर पर

**मुंबई.** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में अब ज्यादा दिन नहीं बचे हैं और दोनों प्रमुख गठबंधन, महायुति और महाविकास अघाड़ी, चुनाव प्रचार में पूरी ताकत से जुटे हैं। इन चुनावों में मुकाबला काफी जोरदार हो सकता है, जिसके चलते सभी पार्टियां अपनी रणनीतियां तेज कर रही हैं।

इसी कड़ी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 14 नवंबर को मुंबई में बड़ी सभा करने वाले हैं। इस सभा को लेकर तैयारियां युद्धस्तर पर जारी हैं। पीएम मोदी के दौरे को लेकर भाजपा पूरी तरह से सक्रिय है और



अपनी जीत के लिए प्रचार की गति बढ़ा दी है। भाजपा के नेताओं का मानना है कि इस सभा से राज्य में पार्टी को मजबूती मिलेगी और एक बार फिर से भाजपा का दबदबा कायम होगा।

# गोराई बीच के पास 7 टुकड़ों में शव मिला

**मुंबई.** मुंबई के गोराई बीच के पास सोमवार को एक व्यक्ति का क्षत-विक्षत शव एक प्लास्टिक बैग में सात टुकड़ों में मिला, मुंबई पुलिस ने इसकी पुष्टि की है। शव को एक प्लास्टिक बैग से बरामद किया गया और मृतक की उम्र 25 से 40 वर्ष के बीच बताई जा रही है और उसकी पहचान अभी तक नहीं हो पाई है।यह घटना तब प्रकाश में आई जब एक व्यक्ति ने पुलिस को सूचना दी कि घटनास्थल से दुर्गंध आ रही है। जब पुलिस मौके पर पहुंची तो उसने देखा कि व्यक्ति का शव सात टुकड़ों में कटा हुआ था और चार प्लास्टिक बैग में रखा हुआ था। मुंबई पुलिस को प्लास्टिक बैग में व्यक्ति के शरीर पर कपड़े और हाथ पर एक टैटू मिला है।पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।










यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099